# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025







# उद्योगों के लिए काम की रफ्तार बढ़ी तीन गुना, 21 दिन का काम 7 दिन में, इसकी गारंटी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर


साय सरकार ने राज्य में लगने वाले उद्योगों के लिए सरकारी कामकाज की रफ्तार कम से कम तीन गुना बढ़ा दी है। खास बात ये है कि यह बदलाव 14 साल बाद आया है। यही नहीं, सरकार इस बात की गारंटी भी दे रही है कि अब काम तय समय पर होंगे। उद्योग लगाने वालों को अब अपने कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर भी कम लगाने पड़ेंगे।

दरअसल, राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा उद्योगों से संबंधित अलग अलग कार्यों के लिए वर्ष 2011 में जो नियम बनाए थे, उसमें बदलाव कर दिया गया है। पूर्ववर्ती सरकारों ने उद्योगों से संबंधित कार्यों के लिए जो समय-सीमा तय की थी, उसे कम किया गया है। इस बदलाव के ▶▶। शेष पेज 7 पर

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम में 14 साल बाद बदलाव

### अब लीज डीड पंजीयन के बाद भूमि आधिपत्य 7 दिन में

राज्य सरकार ने लोक सेवा गांरटी नियम में संशोधन के तहत अब यह बदलाव भी कर दिया है कि लीज डीड पंजीयन के बाद भूमि का आधिपत्य सौंपने का काम 7 दिनों में होगा। इसके साथ ही जलप्रदाय संयोजन का काम महज 14 दिनों में किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर इस संशोधन को लागू कर दिया है।



### कौन सा काम कितने दिनों में, पहले कितना समय लगता था

*उद्योगों से संबंधित जैसे भूमि आवंटन की मांग, सूचना पत्र जारी करने, भू- उल्लेख संपूर्ण आवश्यक सहपत्रों सहित आवेदन प्राप्त होने एवं भूमि रिक्त होने पर प्रस्ताव उद्यमी को देने का काम अब सात दिनों में होगा। पहले इसी काम को करने के लिए लोक सेवा गारंटी नियम के तहत 21 दिन का समय तय था। लीज डीड निष्पादन (आवंटन आदेश जारी होने के बाद इकाई द्वारा समस्त राशि का भुगतान होने के बाद लीज डीड निष्पादन के लिए प्रस्तुत किए जाने पर अब 10 दिनों में काम होगा। पहले इस काम के लिए 21 दिन का समय रखा गया था। भूमि आशय पत्र (जारी मांग पत्र में उल्लेखित 10 प्रतिशत अग्रिम प्रब्याजि राशि भुगतान के बाद 7 दिन का समय लगेगा। पहले इस काम के लिए 30 दिन का समय तय था। लीज डीड निष्पादन (आवंटन आदेश जारी होने के बाद इकाई द्वारा लीज डीड निष्पादन के* ▶▶। शेष पेज 7 पर






## ऑपरेशन हनीमून: राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में बड़ा खुलासा

मेघालय पुलिस करवाएगी आरोपियों का आमना-सामना | और भी राज खोल सकती है इंदौर व मेघालय पुलिस



# सोनम ने कबूला जुर्म...हां मैं ही हूं राजा की कातिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली/इंदौर

हरिभूमि फॉलोअप

सदर पुलिस स्टेशन में एसआईटी की पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी ने राजा रघुवंशी की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल की। अधिकारियों ने महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद उससे पूछताछ की। सोनम ने सुनियोजित अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है। सोनम ने मेघालय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में यह कबूल किया कि उसने ही पति राजा को मरवाया था। मेघालय पुलिस ने बताया कि सोनम ही राजा को मारने के लिए हनीमून के बहाने ही शिलांग ले गई थी। मेघालय पुलिस के अनुसार इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम (25) अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ ▶▶। शेष पेज 7 पर

**गाजीपुर में सरेंडर के बाद अपने अपहरण की बात कह रही मास्टरमाइंड सोनम ने आखिरकार यह कबूल लिया कि उसने ही राजा की सुपारी देकर हत्या करवाई। इसमें उसके प्रेमी राज ने इसमें पूरा खेल खेला। इधर, शिलांग कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।**




### सोनम को शिलांग कोर्ट ने 8 दिन की रिमांड पर भेजा

मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलांग लाया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के ▶▶। शेष पेज 7 पर

### राजा की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई

**कहा- मेरी बहन को फांसी दो**

राजा रघुवंशी के घर बुधवार को अचानक एक फिर उस वक्त मातम और चीख पुकार मच गई जब सोनम के भाई गोविंद वहां पहुंच गए। राजा की मां से गले लगकर गोविंद फूट-फूटकर रोने लगे। अपनी बहन पर लगे हत्या के ▶▶। शेष पेज 7 पर

### देवास के जितेंद्र रघुवंशी का नाम...

राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब एक नया नाम सामने आया है, वो है देवास के जितेंद्र रघुवंशी का। सोनम रघुवंशी का प्रेमी राज कुशवाहा हवाला का काम भी करता था। उसके द्वारा चार बैंक अकाउंट में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। यह चारों अकाउंट जितेंद्र रघुवंशी के नाम पर हैं। सोनम के भाई गोविंद के अनुसार जितेंद्र उनकी मौसी का लड़का है। वो उनके ही गोडाउन में काम करता है, उसके अकाउंट हम ही ▶▶। शेष पेज 7 पर

## सरकारी दफ्तरों में खत्म हो सकता है पांच दिन काम का सिस्टम

# पीएम मोदी 11 साल में देश को दसवें से चौथे स्थान पर लेकर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ से पीएम मोदी का गहरा नाता है। संगठनकर्ता के रूप में उन्होंने प्रदेश का चप्पा-चप्पा छान मारा होगा। आज भी उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है। उनके नेतृत्व में हमारे प्रदेश का विकास हुआ है। साल 2014 तक भारत इकोनामी के क्षेत्र में 10वें स्थान पर था, लेकिन 10 साल के परिश्रम से पीएम मोदी उसे पांचवें स्थान पर ले आए और अब 11वें साल एक और पायदान आगे घटकर चौथे स्थान पर खड़ा कर दिया है। एक सवाल के जवाब में सीएम साय ने कहा, सरकारी दफ्तरों में पांच दिन काम का सिस्टम समाप्त किया जा सकता है। पीएम मोदी के कारण ही ऐसा हुआ कि देश में कोरोना की वैक्सीन तैयार की ▶▶। शेष पेज 7 पर

### पीएम आवास इतने ज्यादा स्वीकृत कि गांव में नहीं मिल रहे राज मिस्त्री

प्रदेश की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया, प्रदेश को पीएम का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा, पिछली सरकार में लोगों का हक छीना गया, गरीबों का आवास नहीं बन पाया था। 13 दिसंबर को सरकार के शपथ और 14 दिसंबर को पहली कैबिनेट की बैठक में पीएम आवास को मंजूरी दी। सुशासन तिहार के दौरान पता चला कि गांव में राज मिस्त्रियों की कमी हो गई है, क्योंकि इतने ज्यादा पीएम आवास स्वीकृत हो चुके हैं। किसानों से किया गया वादा निभाया जा रहा है। 2 साल का बकाया बोनस भी दिया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर महीने उनके खाते में रकम पहुंच रही है।

### अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में बस्तर का नाम

सीएम ने बस्तर के पर्यटन स्थल को गिनाते हुए कहा, चित्रकोट, तीरथगढ़ का जलप्रपात, कोटमसर गुफा के साथ ही बस्तर का धूड़मारास गांव है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन संस्था ने चुना है। छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है और यह होमस्टे का गांव बन गया है। विदेशी पर्यटक गांव वालों के साथ उनके घरों में दो से चार महीने तक रहते हैं और गांव के लोगों के साथ उठने बैठने के साथ ही उनके क्रियाकलाप, खानपान को देखते हैं। पर्यटन को नई उद्योग नीति में शामिल किया गया है, जिससे पर्यटन को उद्योग का दर्जा भी मिलेगा। नई उद्योग नीति में निवेशकों को बड़ी रियायत देने का काम कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भारत-ब्रिटेन ने किया नौसैन्य अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की इकाइयों और ब्रिटेन की रॉयल नेवी के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' ने उत्तरी अरब सागर में 'पैसेज' अभ्यास में हिस्सा लिया, जो समुद्री सुरक्षा और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अभ्यास नौ और 10 जून को आयोजित किया गया। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्टेल्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तबर', पनडुब्बी और पी8आई विमान ने भाग लिया।

### पुलिसकर्मी की 3.4 करोड़ बेहिसाब संपत्ति, केस दर्ज



**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस के एक अधिकारी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक, 3.48 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दिसंबर 2013 से अक्टूबर 2024 तक की आरोपी की वित्तीय स्थिति की जांच की, जिसमें खुलासा हुआ कि उस दौरान उसने कुल 3,48,40,279 रुपए की संपत्ति अर्जित की, जो उसके वैध स्रोतों से प्राप्त आय की तुलना में लगभग 297 प्रतिशत अधिक थी।

### शुभांशु को स्पेस मिशन के लिए करना होगा इंतजार




**नई दिल्ली।** 'स्पेसएक्स' के 'फाल्कन-9' रॉकेट में लीक की मरम्मत के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले 'एक्सिओम-4 मिशन' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। निजी अमेरिकी वांतरिक्ष और अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' ने घोषणा की कि 'पोस्ट-स्टेटिक बूस्टर' की जांच के दौरान लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता चलने के बाद मरम्मत की आवश्यकता थी।

## 26 करोड़ की जीएसटी चोरी, सलाखों के पीछे लोहा कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

स्टेट जीएसटी के अफसरों ने एक लोहा कारोबारी को बोगस फर्म बनाकर 26 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी के खिलाफ आरोप है कि उसने 10 बोगस फर्म बनाकर फर्जी आईटीसी का लाभ लेते हुए टैक्स चोरी की है।



जीएसटी अफसरों ने कारोबारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा

कारोबारी ने उक्त टैक्स चोरी तीन वित्तीय वर्ष में की है। टैक्स चोरी करने के आरोप में कारोबारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। टैक्स चोरी करने के आरोप में स्टेट जीएसटी के अफसरों ने राजधानी के लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। ज्वाइंट कमिश्नर नरेंद्र वर्मा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में कारोबारी ने अलग-अलग फर्मों के माध्यम से 262 करोड़ की खरीदी-बिक्री दर्शाकर 26 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेते हुए टैक्स चोरी की है। अफसर के अनुसार ▶▶। शेष पेज 7 पर

### मृत व्यक्तियों के नाम से खरीदी

स्टेट जीएसटी ने कारोबारी ने जिन फर्मों के माध्यम से खरीदी बिक्री की है, उन फर्मों की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अमन अग्रवाल ने फर्जीवाड़ा करने मृत व्यक्तियों के नाम से फर्जी फर्म बनाई। जिन लोगों के नाम से फर्म बनाई गई थी, उनमें जिनकी मृत्यु वर्ष 2010 में हो गई है, उस फर्म के संचालक से वर्ष 2013 तथा 2015 में खरीदी दिखाई गई।

## चार अभ्यर्थियों के रोके गए नतीजे

# यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 14161 हुए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली



संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए। मुख्य परीक्षा के लिए 14161 उम्मीदवारों ने क्वालीफाई किया है, जबकि चार उम्मीदवारों के परिणाम अदालती मामलों के चलते फिलहाल रोक दिए गए हैं। सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले सफल उम्मीदवारों के क्रमांक की सूची अपनी वेबसाइट पर साझा की है। आयोग भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का चयन करने के लिए तीन चरणों में परीक्षा लेता है।

### सफल परीक्षार्थियों को ऐसी सलाह

सफल परीक्षार्थियों को आयोग की वेबसाइट पर 16 से 25 जून तक खोली जाने वाली एक समर्पित 'विंडो' के माध्यम से कुछ विवरण भरने को कहा गया है। उम्मीदवारों को सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2025 में प्रवेश के लिए 200 रुपये का शुल्क जमा करना होगा।

# जवानों को जर्जर और गंदे डिब्बे क्यों दिए? रेल मंत्री नाराज, चार अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

- अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी में जाने के लिए मिली थी खस्ताहाल ट्रेन

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान ड्यूटी के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के आदेश दिए हैं। रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को



जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई है।

### मंत्रालय ने दिए जांच के आदेश

*भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए जांच के आदेश भी दिए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों की सुचारू और आरामदायक आवाजाही के लिए सभी सुविधाओं से युक्त एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई है। ये जवान अमरनाथ यात्रा के लिए तैनाती का हिस्सा थे।*

## शिक्षकों को अभ्यावेदन 13 जून तक देना होगा, 16 जून तक हर हाल में समिति करेगी फैसला

# युक्तियुक्तकरण में थोक शिकायतें, कमेटी करेगी निराकरण

हरिभूमि न्यूज:बिलासपुर

खास खबर



हाईकोर्ट ने युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों को जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष अभ्यावेदन देने को कहा है। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर तो सचिव जिला शिक्षा अधिकारी हैं। जिला स्तरीय कमेटी तय समय सीमा के अनुसार अभ्यावेदन का निराकरण करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सुनवाई तक संबंधित शिक्षकों पर दवाबपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि यह राहत सिर्फ उन शिक्षकों को मिलेगी, जिन्होंने ज्वाइन नहीं किया है। जो शिक्षक ज्वाइन कर चुके हैं वे सिर्फ दावा आपत्ति कर सकेंगे। शिक्षकों को यह अभ्यावेदन 13 जून तक देना होगा और 16 जून तक हर हाल में समिति इनका निराकरण करेगी। यह आदेश प्रदेश भर के कलेक्टर्स को दिया गया है, जिससे शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो सके। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इसे लेकर 34 से अधिक याचिकाएं प्रदेश भर से दाखिल की गईं हैं। जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई ▶▶। शेष पेज 7 पर

### मर्ज होने के बाद हेड मास्टर बन जाएंगे शिक्षक

याचिका में यह भी कहा गया है कि हेड मास्टर को दोबारा शिक्षक बनाया जा रहा है, जिससे उनके पद समाप्त हो रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर 2 अगस्त 2024 में आदेश जारी हुआ तो इसका शिक्षकों ने काफी विरोध किया। शासन ने तब इस पर कोई अमल नहीं किया था। याचिका के अनुसार अब 25 अप्रैल 2025 को नया आदेश फिर से जारी किया गया, जिसमें बहुत सारी कमियां हैं। राज्य ▶▶। शेष पेज 7 पर

### संशोधन किए बिना ही काउंसिलिंग कराई

दायर याचिका में शिक्षकों ने दावा किया है कि शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने नियमों की अनदेखी कर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में अनियमितताएं की हैं। कई शिक्षकों को दूरस्थ स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक याचिकाकर्ता कल्याणी थेकर की याचिका में भी यही मुद्दा उठाया गया है कि अधिकारियों ने गलत छात्र संख्या के आधार पर उन्हें अतिशेष बताकर स्थानांतरण किया। याचिका के ▶▶। शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को सप्ताह में अब 2 दिनों की छुट्टी के दिन लदने वाले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पांच दिवसीय कार्य प्रणाली पर विचार कर निर्णय लेने के संकेत दिए हैं। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों को सप्ताह में सिर्फ एक छुट्टी मिलेगी, शेष 6 दिन कार्यालय जाना होगा। कार्यालय में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान 26 जनवरी 2022 से लागू की गई थी। केंद्र सरकार की पांच दिवसीय कार्य प्रणाली के तहत छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को यह सुविधा दी गई थी, लेकिन बीजेपी सरकार इसे खत्म करने पर विचार कर रही है।

## सीएम साय ने कहा- दिए पांच दिन का वर्किंग सिस्टम बदलने पर करेंगे विचार

# भूपेश सरकार का एक और निर्णय पलटने की तैयारी, खत्म होगी शनिवार की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के दफ्तरों में सप्ताह में 5 दिनों के कार्यकाल को लेकर कहा, आने वाले दिनों में इस पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस बात पर आप लोगों ने भी चिंता जताई है, इसके लिए उन्होंने मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा, कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी मुझे बोल रहे हैं कि 5 दिनों के काम करने में मजा नहीं आ रहा है। 2 दिन छुट्टी में समय काटना मुश्किल हो रहा है। मीडिया ने भी हमें ताकत दी है, इस पर विचार किया जाएगा।

### लेट लतीफी पर अफसरों को सीएम ने चेतावनी दी थी

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कर्मचारियों और अधिकारियों के दफ्तर लेट से आने को लेकर चेता चुके हैं। मंत्रालय में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अफसरों से कहा था, पांच दिन ही काम करने होते हैं, उसमें लेटलतीफी आना शोभा नहीं देता है। इसी तरह से कामकाज का ढर्रा रहा तो सख्त निर्णय लेने पड़ सकते हैं, सचेत हो जाइए।

### जीएसडी ने सरकार को दी रिपोर्ट

शासकीय कार्यालयों में पांच दिन के कामकाज को लेकर जीएडी ने भी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। रिपोर्ट में शासकीय कार्य के लंबित होने और कर्मचारियों के समय पर न आने की बात कही गई है। गृह विभाग के निर्णय के बाद इसे सभी विभागों में 6 दिन के कार्य प्रणाली को पुनः शुरू करने की सिफारिश की है।



### गृह विभाग ने खत्म की छुट्टी

छत्तीसगढ़ के गृह विभाग ने अपने अफसर और कर्मियों के लिए पांच दिन के वर्किंग प्रणाली को खत्म करने के आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग ने स्पष्ट किया कि पांच दिन के काम की वजह से कई कार्य लंबित रहते हैं।

### कर्मचारी संगठन कर रहे विरोध

सरकारी कामकाज में पांच दिन के कार्य प्रणाली को बदलने की सुगबुगाहट के बीच कर्मचारी संगठन ने शनिवार की छुट्टी खत्म किए जाने को लेकर विरोध दर्ज किया है। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि यह कहना गलत है कि पांच दिवसीय कार्य प्रणाली से कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न कैडरों में केवल 60 प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं, और यही कर्मचारी शासकीय योजनाओं का 100 प्रतिशत कार्यभार वहन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, बीईओ सस्पेंड

**गीदम।** गीदम ब्लॉक में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में मनमानी और नियमों की अनदेखी के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गीदम बीईओ रफीक खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर



दिया है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब अतिशेष शिक्षकों को देर रात सूचित कर अगले दिन काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। इसके बाद शिक्षक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर दुदावत से मुलाकात की। कलेक्टर ने समझाइश देते हुए शिक्षकों को काउंसलिंग में शामिल होने को कहा। साथ ही शिकायतों की जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इसके बाद काउंसलिंग में इतनी गड़बड़ियां उजागर हुई कि अगले ही दिन इसे निरस्त करना पड़ा। गीदम ब्लॉक में तैयार की गई अतिशेष शिक्षक सूची में गंभीर गड़बड़ियां पाई गई। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने गीदम बीईओ के खिलाफ शिकायतों को जांच में सही पाया। इसके बाद बीईओ रफीक खान के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और निलंबन के अनुमोदन के लिए संभागायुक्त को जिला प्रशासन ने फाइल भेजी। संभागायुक्त के अनुमोदन के बाद अंततः कलेक्टर ने निलंबन आदेश भी जारी कर दिया है।

### ट्राई का डर दिखा 49 लाख की ठगी, एक और गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच ट्राई का अफसर बताकर रुआबांधा सेक्टर निवासी इंद्रप्रकाश पिता ईश्वरी प्रसाद कश्यप (51 वर्ष) से ठगी मामले में एक आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बांसड़ा खेरोदा वल्लभनगर उदयपुर का रहने वाला भरत पिता चुन्नीलाल मेनारिया (30 वर्ष) बताया गया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि इंद्रप्रकाश कश्यप ने 16 नवंबर 2024 को मामले में शिकायत की थी। उसने लिखित आवेदन में कहा कि मोबाइल नंबर 9783623063 के धारक द्वारा खुद को टीआरएआई (ट्राई) से काल कर रहा हूं बोलकर बताया कि आपके आधार कार्ड से क्राइम हुआ है। इसके एवज में 49,01,196 रुपए जमा करवा लिए गए। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। सीडीआर और अन्य माध्यमों से आरोपियों की पतासाजी की गई।

## विरोध कर रही महिलाओं ने रोकी पुलिस गाड़ी, गोली चलने से दो घायल

# अवैध रेत उत्खनन का विरोध करने पर ग्रामीणों पर फायरिंग, मोहड़ में बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

**शहर से लगे मोहड़ इलाके में बुधवार की देर शाम रेत चोरी के मामले को लेकर बड़ा विवाद हो गया। इलाके में रेत चोरी करने पहुंचे तस्करों का विरोध करने गए ग्रामीणों पर रेत चोरी करने पहुंचे लोगों ने बंदूक तान दी थी। एक युवक पर फायरिंग भी की गई। हालांकि गोली युवक के गले को छूकर निकली। जिसमें वह घायल हो गया। एक युवक रोशन मंडावी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज व दूसरे युवक जितेन्द्र साहू को जिला चिकित्सालय भेजा गया। मामले के बाद मोहड़ ग्राम में भी जमकर बवाल मचा।**

ग्रामीणों ने मामले में अवैध रेत खनन करने वाले तस्कर को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोहड़ इलाके में स्थित नदी से अवैध रेत खनन करने के लिए जेसीबी सहित कुछ वाहन पहुंचे थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर कुछ ग्रामीण पहुंचे हुए थे। ग्रामीणों से रेत निकाल रहे तस्करों का वाद-विवाद भी हुआ। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों पर बंदूक तान दी थी। विवाद बढ़ने पर तस्करों ने युवक रोशन मंडावी पर गोली भी चला दी। जिससे युवक लहुलुहान हो गया। इसी घटना के बाद ग्रामीणों में जमकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने मोहड़ ग्राम में बवाल मचाते हुए चक्काजाम कर दिया। बताया गया कि नदी में खड़े जेसीबी से भी तोड़फोड़ की घटना हुई है। घटना के बाद मौके पर जमकर बवाल मचा हुआ था। ग्रामीणों ने रेत निकालने वाले तस्करों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए स्थानीय पार्षद संजय निर्मलकर के साथ भी वाद-विवाद किया। बताया गया कि पार्षद की संलिप्तता की आशंका को देखते हुए ग्रामीण काफी नाराज थे। ऐसे में पुलिस के पहुंचने बाद पार्षद को पुलिस वाहन में सुरक्षित बैठाया गया।

खास खबर





घायल युवकों का उपचार

### विवाद रोकने पहुंची पुलिस

शाम को इस घटना की जानकारी मिलते ही बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू सहित स्टॉफ मौके पर पहुंचा। विवाद की स्थिति को शांत कराने की कोशिशें पुलिस करती रही, लेकिन ग्रामीण तस्करी करने वाले मुख्य सरगना को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके अलावा दो तस्करों को भी ग्रामीणों ने पकड़ रखा था, जिसे भी थाना लेकर जाने का विरोध ग्रामीण करते रहे।

### दो दिन पहले गरियाबंद जिले में हुई थी फायरिंग

राजिम। गरियाबंद जिले में अवैध रेत खनन की खबर बनाने गए पत्रकारों को रेत माफिया ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। दो बार फायरिंग किया था। माफिया के गुर्गों ने पहले पत्रकारों से बहस की, फिर कैमरा और आईडी कार्ड छीन लिया। मामला राजिम थाना क्षेत्र के पैरी नदी के पितईबंद रेत घाट का है। वारदात के वक्त किसी तरह जान बचाकर भाग रहे पत्रकारों ने वीडियो बनाया। वीडियो को प्रशासनिक ग्रुप में डाला, जिसके बाद अफसर व पुलिस पहुंची और पत्रकारों को बचाया। माफिया की गुंडागर्दी को लेकर पत्रकारों ने धरना दिया था।

# नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का भंडाफोड़, सप्लायर विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नारायणपुर पुलिस नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए नक्सलियों को सामान सप्लाई करने वाले सप्लायर को हथियार व विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। नारायणपुर थाना क्षेत्र में



नक्सलियों को अवैध हथियार, कारतूस, गोला-बारूद तथा अन्य सामान सप्लाई करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके एक संदेही व्यक्ति को नारायणपुर-कुतुल मार्ग से हिरासत में लिया है। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रकाश सोनी 27 वर्ष निवासी बखरूपारा नारायणपुर का होना बताया है। संदेही के कब्जे से स्कूटी में रखा कॉर्डेक्स वायर लगभग 3 मीटर, बिजली तार, स्कैनर, वॉकी टॉकी, 20 जिंदा राउंड, 3 नग डेटोनेटर बरामद किया है, जिसे उसने नक्सलियों को सप्लाई देने के लिए रखा होना बताया। आरोपी सप्लायर के खिलाफ नारायणपुर थाना में धारा- 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जांच जारी

आरोपी प्रकाश सोनी ने बताया कि वह पिछले चार पांच साल से लगातार नक्सलियों के संपर्क में रहा है और नक्सलियों को भारी मात्रा में बंदूक की गोली, विस्फोटक सामग्री व नक्सली सामग्री अवैध रूप से खरीदकर नारायणपुर में लाकर नक्सलियों को दिया करता था। कई नक्सलियों व आरोपियों के नाम का खुलासा भी किया गया है। आरोपी के द्वारा नक्सलियों को हथियार के कारतूस व अन्य नक्सली सामग्री सप्लाई करने में सहयोग करने वाले कई और लोगों के नामों का खुलासा किया गया है।

### न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया

पुलिस अन्य संभावित लिंक और सहयोगियों की जानकारी एकत्र कर रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। आरोपियों द्वारा शहरी क्षेत्र में रहकर आम जनता, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सली संगठन को भारी मात्रा में बंदूक के गोली, विस्फोटक सामग्री व नक्सली सामग्री सप्लाई करने के जुर्म में आरोपी प्रकाश सोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# हाईकोर्ट ने कोलकाता में हुई शादी को माना अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कोरबा जिले में कथित लव जिहाद मामले में मुस्लिम युवक की तरफ से दायर हैबियस कॉर्पस पिटीशन पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने मध्यस्थता केंद्र की रिपोर्ट के आधार पर कहा कि यह शादी वैध नहीं है। याचिका को निराकृत कर युवती को सखी सेंटर में रखने के निर्देश दिए गए हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने कहा कि युवक-युवती की शादी वैध नहीं है। हालांकि युवक-युवती दोनों बालिग हैं, इसलिए दोनों स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत विवाह करने



के लिए स्वतंत्र हैं। इसके पहले चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा था कि युवती, युवक के साथ जाने की बात कह रही है, फिर भी उसके भविष्य और सुरक्षा को देखते हुए मामले में मध्यस्थता जरूरी है, ताकि परिजनों को भी संतुष्टि हो। वहीं परिजनों ने युवक पर युवती को झूठ बोलकर ले जाने का आरोप लगाया है।

हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को मध्यस्थता केंद्र में युवती और परिजनों के बीच चर्चा हुई। इस दौरान युवती अपने परिजनों के साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। इस पर समिति ने कहा कि कोलकाता में हुई उनकी शादी वैध नहीं है, क्योंकि स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत उनकी शादी नहीं हुई है। इसके बाद भी लड़की युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। वहीं बुधवार को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मध्यस्थता केंद्र रिपोर्ट के आधार पर माना कि युवक-युवती की शादी वैध नहीं है।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, कटघोरा निवासी कॉलेज की छात्रा 21 अप्रैल 2025 को घर से कॉलेज जाने के नाम पर निकली थी, जिसके बाद वो लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन छात्रा नहीं मिली। इससे परेशान होकर उन्होंने थाने में गुमशुदगी की शिकायत की। जांच के दौरान पता चला कि युवती को तौशीफ मेनन के साथ कोलकाता में देखा गया है, जहां कथित रूप से मस्जिद में निकाह कराया गया है। पुलिस ने दोनों को कोरबा लाकर पूछताछ की, फिर युवती को तौशीफ के घर भेज दिया गया। हिंदू संगठनों के हस्तक्षेप पर कोरबा के सखी सेंटर में रखा गया।






## 491 छात्रावास अधीक्षक पदोन्नत किए गए थे, पोस्टिंग नहीं

# पदोन्नत छात्रावास अधीक्षकों पर प्रमोशन नहीं, अब काउंसिलिंग से होगी पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि वर्ष 2022, 2023 एवं 2025 में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को काउंसिलिंग के माध्यम से कराया जाए। मंत्री श्री नेताम ने यह निर्देश को आदिम जाति तथा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवा रायपुर में 19 जिलों के सहायक आयुक्त एवं परियोजना प्रशासकों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 3357 छात्रावास-आश्रमों में छात्रावास अधीक्षक रीढ़ के समान है। इस पर संबंधित संस्था के सुचारू रूप से संचालन की सबसे प्रमुख जिम्मेदारी होती है। इसलिए इनकी नियुक्ति, सेवा शर्तें, पदोन्नति एवं



पदस्थापना संबंधी कार्यों पर प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि वर्ष 2022 में आयुक्त कार्यालय के आदेश द्वारा कुल 491 छात्रावास अधीक्षकों को श्रेणी “द ” से श्रेणी “स” के पद पर पदोन्नत किया गया है, परन्तु इनकी पदस्थापना अभी तक नहीं हो पाई, क्योंकि कुछ जिलों में स्वीकृत पद से अधिक अधीक्षक नियुक्त थे कई जगह पो.मैट्रिक संस्थाओं में रिक्त पदों की संख्या पर्याप्त नहीं थी। इसके साथ ही पोस्टिंग के संबंध में कई प्रकार की अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

### आज से शुरू होगी प्रक्रिया

जिला स्तरीय समिति को 12-13 जून से प्रक्रिया प्रारंभ कर 16 जून तक संपन्न करने के निर्देश दिए गए हैं इसी प्रकार संभाग स्तरीय समिति 17-18 जून से 19-20 जून तक एवं राज्य स्तरीय समिति को 20-21 जून से लेकर 22-23 जून तक प्रक्रिया संपन्न करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला स्तरीय समिति एवं संभाग स्तरीय समिति द्वारा जारी पदस्थापना प्रस्ताव को जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त कार्यालय एवं संभाग मुख्यालय में संभागीय आयुक्त एवं सहायक आयुक्त संभाग मुख्यालय के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करेंगे।

### सामने आई ये परेशानी

पदस्थापना नहीं होने से अधीक्षकों की सेवा शर्तों संबंधी समस्याएं आ रही थी। इसी प्रकार अप्रैल 2025 में कुल 486 छात्रावास अधीक्षकों को श्रेणी “द” से श्रेणी “स” के पद पर पदोन्नत किया गया है। अब इन सभी पदोन्नत अधीक्षकों की पदस्थापना पारदर्शी तरीके से एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग के माध्यम से किये जाने हेतु मंत्री श्री नेताम के निर्देश पर विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय समिति का गठन किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर, संभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष संभागायुक्त एवं राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग होंगे।

रायपुर
गुरुवार 12 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीय
वर्ष : 23, अंक : 325
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.4
न्यून. 23.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# इंस्पेक्टर से डीएसपी बने 21 अफसर, अब संभालेंगे नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को मजबूती देने के लिए राज्य सरकार वहां पर अनुभवी अफसरों की सेवाएं ले रही है। इसी कड़ी में इंस्पेक्टर से नए बने 21 डीएसपी की तैनाती नक्सली क्षेत्र में की गई है। इन पुलिस अधिकारियों को बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कांकेर जिलों में पदस्थ किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बस्तर रेंज के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सीआरपीएफ और डीआरजी के जवानों की मदद से नक्सलियों के उन ठिकानों तक पहुंचने का उनसे लोहा लेने लगातार सर्चिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

### सीएम ने ली थी हाईलेवल मीटिंग

बस्तर रेंज में नक्सलियों द्वारा पिछले दिनों की गई बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने गृह विभाग के अफसरों की हाईलेवल मीटिंग ली थी। अफसरों को इसमें निर्देश दिए गए थे कि नक्सल क्षेत्र में चल रहे अभियान को मजबूती देने अनुभवी अफसरों को यहां लगाया जाए। इसी कड़ी में एएसपी स्तर के आठ आईपीएस अफसरों की पदस्थापना के बाद अब डीएसपी को यहां पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि इन सभी अफसरों की एक माह के लिए इन क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई गई है। इन अधिकारियों को आईजी बस्तर को 13 जून को रिपोर्ट करना होगा। बस्तर रेंज में उन्हें इंडक्शन ब्रीफिंग सेशन के लिए उपस्थित होने कहा गया है।

### नक्सल अभियान को मजबूती देने बस्तर रेंज में पदस्थापना




### इनकी तैनाती नक्सल मोर्चे पर

पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में जिन 21 इंस्पेक्टरों को नक्सल मोर्चे में भेजा जा रहा है, उनमें बीजापुर भेजे गए उप पुलिस अधीक्षक में नरेंद्र कुमार पटेल, चंद्रशेखर ध्रुव, विवेक शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, प्रमोद केरकेट्टा, चुन्न तिग्गा के नाम शामिल हैं। वहीं सुकमा में डीएसपी हरविंदर सिंह, यशकरण द्वीप ध्रुव, गोपाल सिंह ध्रुर्वे, विपिन रंगारी, इंद्रभूषण सिंह को पदस्थ किया गया है। नारायणपुर में 4 डीएसपी को पदस्थ किया गया है, उनमें रमाकांत साहू, ▶▶| शेष पेज 7 पर

## बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त दुल्हन समेत पांच की मौत



**जयपुर।** जयपुर के पास बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में नवविवाहित दुल्हन भी शामिल है।

■ राजस्थान में बड़ा हादसा

रायसर के थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा सुबह लगभग सवा छह बजे रायसर इलाके में भटकाबास गांव के पास दौसा-मनोहरपुर राजमार्ग पर हुआ जब एक ट्रक और जीप की आमने सामने भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि जीप में बाराती सवार थे जो मध्य प्रदेश से लौट रहे थे।

### शादी के बाद लौटते वक्त हादसा

पुलिस ने बताया कि बाराती मध्य प्रदेश के शहडोल से झुंझुनू के उदयपुरवाटी कस्बे लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि दुल्हन भारती (18) शहडोल के मंडोली गांव की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार उदयपुरवाटी का निवासी दूल्हा विक्रम मीणा (25) गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे और गंभीर रूप से घायल अन्य यात्रियों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम से मिलने मंत्रियों को कराना होगा टेस्ट




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने से पहले अब मंत्रियों को अपना आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना होगा। टेस्ट कराने के बाद ही मंत्री प्रधानमंत्री से मुलाकात कर पाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश के अंदर पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 306 नए मामले सामने आए हैं।

### हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से दिया गया मृत्युदंड



**एटमोर।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया।

### ब्रिटिश गायक पैसेंजर भारत में पहली बार देंगे प्रस्तुति



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में 'लेट हर गो' जैसे मशहूर गाने के लिए पहचाने जाने वाले ब्रिटिश गायक एवं गीतकार पैसेंजर नवंबर में भारत आएंगे और देश के तीन शहरों में प्रस्तुति देंगे। ब्रिटिश गायक पैसेंजर अपने एशिया दौरे के तहत भारत में पहली बार 19 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर, 21 नवंबर को मुंबई और 22 नवंबर, 2025 को बेंगलुरु में प्रस्तुति देंगे।

### रिश्वत लेने के आरोप में एएसआई गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने फलोदी में पुलिस के एक एएसआई तथा वकील को 25 हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि इस मामले में फलोदी में एएसआई राधाकिशन व बिचौलिए का काम कर रहे वकील भैराराम को गिरफ्तार किया गया है।

### साइबर अपराधी से 2.8 करोड़ की क्रिप्टोकरेंसी बरामद



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कहा कि अमेरिका और कनाडा में भोलेभाले लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की गई है।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को राहत

# अमेरिकी कोर्ट का ग्रीन सिग्नल, अब ट्रंप दुनिया पर लगा सकेंगे मनचाहा टैरिफ

*अमेरिकी कोर्ट के एक फैसले ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को मंगलवार को कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनके विवादित ग्लोबल टैरिफ पॉलिसी को कम से कम फिलहाल जारी रखने की इजाजत दे दी है। इस फैसले के तहत कोर्ट ने एक निचली अदालत के फैसले को रोके रखने वाली पहले लगाई गई रोक को बढ़ाया है, जिससे ट्रंप प्रशासन को अपनी मुख्य आर्थिक नीतियों पर अस्थायी रूप से जीत मिली है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन


अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रभावी रहने की मंजूरी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 2 अप्रैल को भारत, चीन और यूरोपीय संघ सहित दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर व्यापक रूप से आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। फिलहाल इन टैरिफ को जारी रखने की इजाजत दे दी गई है। इससे पहले निचली अदालत ने ट्रंप के इस फैसले पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रंप ने इन्हें लागू करने के लिए अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अदालत के इस फैसले का मतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप अभी के लिए अधिकांश देशों से लिबरेशन डे पर लगाए गए टैक्स को जारी रख सकते हैं। कोर्ट इस बात की जांच कर रही है कि टैरिफ लगाने के लिए जिन आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम का हवाला ट्रंप ने दिया है, वह उचित है या नहीं। हालांकि, मंगलवार के फैसले ने उस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जुलाई में यूएस सुप्रीम कोर्ट मामले में करेगा सुनवाई

**कोर्ट में ट्रंप प्रशासन की दलील**

*इससे पहले ट्रंप ने अपने ऐलान के बाद परस्पर शुल्क पर 90 दिनों की रोक लगाने की घोषणा की थी। कोर्ट का यह फैसला इस अवधि के खत्म होने से एक महीने पहले आया है। जानकारों के मुताबिक 9 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति कई देशों के लिए टैरिफ दरों में भारी बढ़ोतरी कर सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कोर्ट में तर्क दिया है कि टैरिफ पर रोक लगाने से अमेरिका की कूटनीति प्रभावित होगी और राष्ट्रपति इसकी मदद से विदेशी मामलों को बेहतर तरीके से हल कर सकते हैं।*



### ट्रेड डील की कोशिश में जुटे कई देश

बता दें कि ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। वहीं बांग्लादेश पर 37 फीसदी, चीन पर 34 फीसदी और वियतनाम पर 46 फीसदी टैक्स लगाया गया था। बाद में ट्रंप ने इसमें संशोधन करते हुए चीन पर और अधिक टैक्स लगाया था। हालांकि ट्रंप ने अपने ऐलान के कुछ दिनों बाद ही इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी थी। इस दौरान चीन और भारत समेत दुनिया के कई देश अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को फाइनल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### 9 जुलाई को खत्म हो रहा समय

यह आदेश ऐसे समय आया है जब ट्रंप का "रेसिप्रोकल" टैरिफ्स पर 90 दिनों का विराम 9 जुलाई को खत्म होने वाला है। इस तारीख के बाद अगर किसी देश का अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं होता है तो टैरिफ रेट में काफी बढ़ोतरी हो सकती है।

### 1977 के कानून के तहत ट्रंप ने लागू की अपनी पॉलिसी

ट्रंप के टैरिफ-जिनमें 10% वैश्विक शुल्क और चीन, कनाडा, मैक्सिको और यूरोपीय संघ के देशों पर अतिरिक्त शुल्क शामिल हैं - उसको 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी सिचुएशन से संबंधित अधिनियम के तहत लागू किया गया था. यह कानून आमतौर पर युद्ध या राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी आपातकालीन स्थितियों में इस्तेमाल किया जाता है. एक ट्रेड कोर्ट ने पहले ट्रंप के आईईईपीए के इस्तेमाल को अनुचित बताया था और कहा था कि यह कानून राष्ट्रपति को आयात पर असीमित टैक्स लगाने की शक्ति नहीं देता।

### अमेरिका को चीन से मिलेंगे मैग्नेट और दुर्लभ खनिज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक समझौते के तहत चीन से मैग्नेट और दुर्लभ खनिज प्राप्त करेगा तथा चीनी वस्तुओं पर शुल्क 55 प्रतिशत होगा। एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह ने बुधवार को कहा कि कई वैश्विक ब्रांड उन दर्जनों कंपनियों में शामिल हैं, जो अपनी चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं के माध्यम से जबरन मजदूरी का उपयोग करने के जोखिम में हैं, क्योंकि वे चीन के सुदूर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र से महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग करते हैं या खनिज-आधारित उत्पाद खरीदते हैं।

## पुसगुन्ना जंगल में मार गिराए एलओएस कमांडर समेत दो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र स्थित पुसगुन्ना जंगल में बुधवार दोपहर से नक्सलियों के साथ कई बार मुठभेड़ हुई। शाम 5 बजे पुनः हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एलओएस कमाण्डर समेत एक महिला माओवादी को ढेर कर दिया। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कुकानार इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिला बल व डीआरजी की संयुक्त टीम को सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। कई बार हुई गोलाबारी के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 5 लाख के ईनामी पेदारास एलओएस कमाण्डर बामन समेत एक महिला माओवादी को मार गिराया। मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से दोनों माओवादियों के शव के अलावा एक इंसास रायफल व एक 12 बोर बंदूक के अलावा भारी मात्रा में गोलाबारूद व विस्फोटक बरामद किया है।

■ दोपहर से शाम तक चलती रही मुठभेड़, जिला बल व डीआरजी को मिली कामयाबी

### अतिरिक्त बल तैनात, एएसपी की शहादत का बदला

*आईजी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद घने जंगल का लाभ उठाकर नक्सली फरार होने में कामयाब रहे। फरार नक्सलियों की तलाश के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है जो पुसगुन्ना के जंगल में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे है। सर्च ऑपरेशन समाप्त होने के बाद जवानों के बेस कैम्प लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व कोंटा इलाके में प्रेशर आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे शहीद हो गए थे। इस घटना के 48 घंटे के भीतर सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर एएसपी के शहादत का बदला लेने में कामयाब रहे।*

## ईडी ने बेल्लारी के कांग्रेस सांसद और 3 विधायकों के खिलाफ की छापेमारी




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी, जे. एन. गणेश और एन. टी. श्रीनिवास से संबंधित आवास शामिल हैं। यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को 'फर्जी खातों' में भेजने पर चलाया गया।

■ वाल्मीकि केस से जुड़ा है कनेक्शन

### किस मामले में हुई छापेमारी?

*ईडी के सूत्रों के अनुसार, यह तलाशी अभियान धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला कर्नाटक पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि केएमवीएसटीडीसी के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि फर्जी खातों में भेजी गई। इसके बाद फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद किया गया।*

### क्या है पूरा मामला?

*केएमवीएसटीडीसी की स्थापना 2006 में हुई थी। इसका मकसद कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाना था। इसका मुख्य लक्ष्य एसटी समुदायों का सामाजिक और आर्थिक विकास करना था। ईडी का आरोप है कि वाल्मीकि कोष से निकाले गए धन का इस्तेमाल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र में किया गया था।*

### किस बात की जांच कर रही ईडी?

ईडी इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घोटाले में शामिल लोगों ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया। ईडी इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि घोटाले में कौन-कौन शामिल है और पैसे का इस्तेमाल कहां-कहां किया गया। एक ईडी अधिकारी ने कहा कि हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

अनुशासन की 'लक्ष्मण रेखा' लांघने पर की गई कार्रवाई

## दिग्विजय के अनुज लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने दिया 6 साल का 'वनवास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को अंततः पार्टी ने 6 साल के वनवास की सजा सुना दी। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पार्टी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा लांघने के कारण हुई है।

पहलगाम के आतंकी हमले के बाद लक्ष्मण ने एक बयान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उनके बहनोई राबर्ट बाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके लिए कांग्रेस ने नोटिस जारी कर 10 दिन के अंदर जवाब मांगा था। लक्ष्मण के जवाब से कांग्रेस की केंद्रीय अनुशासन ▶▶| शेष पेज 7 पर



**राहुल, राबर्ट और उमर को खड़ा किया था कठघरे में**

### सत्य का आईना दिखाते थे लक्ष्मणः वीडी शर्मा



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने देवास में कहा कि यह कांग्रेस संगठन का निर्णय है। इसमें मुझे कुछ कहने की जरूरत नही है, लेकिन लक्ष्मण सिंह कभी-कभी कांग्रेस को सत्य का आईना दिखाते रहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मैं लक्ष्मण सिंह के भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ये भी कहता हूं कि आप अपनी लाइन को मत छोड़िएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह चौंकाने वाला मामला

## दुष्कर्म के आरोप में घिरे पूर्व जज को नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक पूर्व न्यायिक अधिकारी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने से इंकार कर दिया, जिस पर अपनी नाबालिग बेटी का योन शोषण करने का आरोप है। शीर्ष कोर्ट ने इसे 'हैरान करने वाला' बताया।



जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने पूछा, बेटी आरोप लगा रही है। यह चौंकाने वाला है। वह एक न्यायिक अधिकारी हैं ▶▶| शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

यह मामला महाराष्ट्र के भंडारा जिले में 21 जनवरी 2019 को दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। आरोप है कि यौन शोषण की घटनाएं मई 2014 से 2018 के बीच हुई थीं। अदालत में यह रिकॉर्ड पर आया कि इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है, लेकिन औपचारिक रूप से आरोप तय नहीं हुए हैं। पूर्व जज पर आईपीसी की धारा 354 आरोप लगाए गए थे।

यह फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम यूजर्स को मिल सके

रेलवे टिकट एजेंट भी अब तत्काल टिकट बुकिंग ओपन होने से पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे

## आधार वेरिफिकेशन के बिना बुक नहीं होगा तत्काल टिकट, 1 जुलाई से यह नियम लागू

◀ एसी क्लास के लिए यह समय सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक

◀ नॉन-एसी क्लास के लिए सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे मंत्रालय की ओर से बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा गया है कि अब बिना आधार प्रमाणीकरण के यूजर तत्काल ट्रेन टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। मंत्रालय की ओर से साफ किया गया कि टिकट बुकिंग को लेकर ये बड़ा बदलाव 1 जुलाई 2025 से लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों रेल मंत्री



अश्विनी वैष्णव ने अपने एक्स पर पोस्ट के जरिए जल्द ये नियम लागू होने की बात कही थी। रेल मंत्रालय द्वारा 10 जून 2025 को जारी सर्कुलर में सभी रेलवे जोन के साथ जानकारी शेयर करते हुए कहा गया है कि यह फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम यूजर्स को मिल सके। इसमें कहा गया है कि 01 जुलाई 2025 से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप के जरिए जहां केवल आधार सत्यापित यूजर्स टिकट बुक कर सकेंगे, तो वहीं इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।

### ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले चार्ट होगा जारी

नए नियम के मुताबिक रेलवे ट्रेन खुलने से 24 घंटे पहले ही चार्ट जारी करने की योजना बना रहा है। अभी ट्रेन खुलने से सिर्फ 4 घंटे पहले पता चलता है कि आपकी सीट पक्की हुई या नहीं।

### बीकानेर डिवीजन में शुरू हुई योजना

यह योजना अभी राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में 6 जून से शुरू की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि हम कुछ और हफ्तों तक इसे चलाकर देखेंगे। इससे पता चलेगा कि कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। नए नियम का उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो आखिरी समय में यात्रा करने की योजना बनाते हैं और तत्काल टिकट बुक करते हैं।

# पुरी में 108 कलशों से पवित्र जल से कराया गया स्नान

# जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा... उमड़े श्रद्धालु

पुरी। उड़ीसा के पुरी में बुधवार को देव स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का भव्य जलाभिषेक संपन्न हुआ। तीनों विग्रहों को 'पाहंडी' परंपरा से स्नान मंडप लाया गया और 108 कलशों से पवित्र जल से स्नान कराया गया। मुख्यमंत्री मोहन माझी और गजपति महाराज भी मौजूद रहे। स्नान के बाद देवताओं को गजवेश धारण कराया गया। प्रातः 5:45 बजे श्री सुदर्शन, बलभद्र, सुभद्रा, और अंत में भगवान जगन्नाथ को क्रमवार गर्भगृह से बाहर निकाला गया और स्नान मंडप तक ले जाया गया। इसे पाहंडी परंपरा कहते हैं। इस में देवताओं को गर्भगृह से स्नान मंडप तक ले जाने का भव्य प्रक्रिया-नृत्य होता है। इसे 'पाहंडी विजया' भी कहा जाता है। इसके बाद सुनाकुआ (मंदिर परिसर के उत्तर द्वार के समीप स्थित स्वर्ण कुआं के जल से देवों का स्नान) हुआ।






## हाथी के स्वरूप में भगवान

स्नान के बाद गजवेश यानी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को हाथी के स्वरूप में सजाया गया। इसके बाद अन्य धार्मिक संस्कार किए गए। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अब बीमार हैं, उन्हें 14 दिनों के लिए मंदिर के भीतर बने 'अनसारा गृह' में विश्राम के लिए ले जाया गया है। 26 जून को 'नवयौवन दर्शन' के दिन वे स्वस्थ, युवा और तेजस्वी रूप में फिर प्रकट होंगे और अगले दिन, 27 जून को रथयात्रा के साथ वे भक्तों के बीच पुनः लौट आएंगे।

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** हरियाणा के हिसार की एक स्थानीय अदालत ने यूट्यूबर और पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोपों का सामना कर रही ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि ज्योति मल्होत्रा संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेज रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ज्योति मल्होत्रा सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान से संपर्क में थी और उसे गुप्त सूचनाएं साझा करने के लिए आर्थिक लाभ भी दिया गया।

### सीरिया में महिलाओं के स्विमसूट पहनने पर रोक

**दमिश्क।** सीरिया में बशर अल-असद की दमनकारी शासन का जिस विद्रोही समूह ने अंत किया अब वो सीरिया पर शासन कर रहा। अहमद अल-शरा के नेतृत्व वाली सीरिया की नई अंतरिम सरकार ने नया रुढ़िवादी इस्लामिक ड्रेस कोड जारी किया जिसके तहत, समुद्र तटों और स्विमिंग पूल में स्विमसूट पहनकर नहाने की मनाही हो गई है। महिलाओं को अब समुद्री तटों और स्विमिंग पूल में नहाने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले ढीले-ढाले स्विमवियर जिसे बुर्किनी कहा जाता है, पहनना होगा।

### संघीय हिरासत केंद्र के बाहर चल रहा विरोध प्रदर्शन हुआ तनावपूर्ण

# लॉस एंजिल्स में लगाया गया आंशिक कर्फ्यू प्रदर्शनकारियों को हटाने आंसू गैस का इस्तेमाल

**अवैध अप्रवासियों की गिरफ्तारी से भड़की है इस अमेरिकी शहर में हिंसा**

**राष्ट्रपति ट्रंप व कैलिफोर्निया प्रशासन एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप**



एजेंसी ▶▶| लास एंजलिस


अमेरिका के लॉस एंजिल्स में संघीय हिरासत केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन तनावपूर्ण हो गया, क्योंकि कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और होमलैंड सुरक्षा विभाग सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गैर-घातक आंसू गैस छोड़ी सीएनएन ने रिपोर्ट की है। विशेष रूप से, विरोध प्रदर्शन तब भड़के जब आईसीई एजेंटों ने शहर भर में छापे मारे, जिसमें दर्जनों अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया। सीएनएन के अनुसार, अधिकारियों ने एक बख्तरबंद वाहन के आने के लिए रास्ता साफ किया, जबकि प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए। मेयर करेन बास ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के आव्रजन छापों के विरोध में हिंसक विरोध प्रदर्शन, आगजनी और लूटपाट के बाद, अमेरिका के कैलिफोर्निया में लॉस एंजिल्स के कई हिस्सों में मंगलवार से सीमित कर्फ्यू लागू होगा। मेयर करेन बास ने कहा कि कर्फ्यू रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक लगाया जाएगा और कई दिनों तक लागू रह सकता है।

### हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए

कई दिनों से सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन, जो 40 लाख लोगों का शहर है, मुख्य रूप से शहर के कई ब्लॉक में केंद्रित है।

## ट्रंप ने हिंसक वारदातों को बताया 'विदेशी आक्रमण'

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में अप्रवासियों द्वारा की गई हिंसा और प्रदर्शनों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'विदेशी आक्रमण' करार दिया है। उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, अमेरिका के फौजियों ने अपने परिजनों और घरों से दूर-दूर जाकर अपना खून इसलिए नहीं बहाया था कि हमारे घर में कोई घुस कर तीसरी दुनिया की अव्यवस्था का उदाहरण पेश करे। हजारों नेशनल गाड्र्स और यूएस मरींस लॉस एंजेलिस में उतार दिए हैं। फेडरल एजेंट्स (आईसीई) पर हमला करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी अमेरिकी शहर पर विदेशी दुश्मन द्वारा आक्रमण और कब्जा नहीं होने देंगे। कुछ साल पहले लॉस एंजिल्स पृथ्वी पर सबसे स्वच्छ, सबसे सुरक्षित और सबसे सुंदर शहरों में से एक था, लेकिन आज शहर कूड़े के ढेर में बदल गया है।



### गवर्नर, मेयर पर साधा निशाना

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने भाषण में कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास पर निशाना साधा। उन्हें अक्षम कहा और उन पर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए उपद्रवियों, आंदोलनकारियों और विद्रोहियों को पैसे देने का आरोप लगाया। उनका रुख यह है कि जब तक लॉस एंजिल्स से आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) वापस नहीं आ जाता और संघीय आव्रजन कानून का प्रवर्तन बंद नहीं हो जाता, तब तक दंगे नहीं रुकेंगे।

# 'भारत-पाकिस्तान संघर्ष महज टकराव नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई'

**यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ साक्षात्कार में कहा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा। जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा, 'मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तानी के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था?' वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है।

### भारत की सबसे पुरानी शिकायत

जयशंकर ने कहा, 'भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश।' उन्होंने कहा, 'यदि वही देश - जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे - अब कहते हैं कि 'आइए अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें', तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।'

### सीजेआई बोले- ज्यूडिशियल एक्टिविज्म ज्यूडिशियल टेररिज्म न बने

# 'कार्यपालिका के फेल होने पर हस्तक्षेप जरूरी'

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने यहां ऑक्सफोर्ड यूनियन में अपने संबोधन में कहा कि कहा कि देश में न्यायिक सक्रियता (ज्यूडिशियल एक्टिविज्म) की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद ( ज्यूडिशियल टेरारिज्म) का रूप ले ले। चीफ जस्टिस ने स्पष्ट किया कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई ने कहा कि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन कभी-कभी जब सीमाएं लांघी जाती हैं और न्यायपालिका उन क्षेत्रों में प्रवेश करती है जहां उसे नहीं करना चाहिए, तब यह चिंता का विषय बन जाता है।



### न्यायिक समीक्षा का उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में हो

सीजेआई ने यह विचार ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्राम रिप्रेजेंटेशन टू रिएलाइजेशन : इमबोडिंग द कांस्टिट्यूशंस प्रामिस' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में रखा। गवई ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तन्वी दुबे की ओर से आयोजित 'ऑक्सफोर्ड यूनियन' कार्यक्रम में ये बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि न्यायिक समीक्षा का उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शक्ति केवल तब प्रयोग की जानी चाहिए जब कोई कानून संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता हो या किसी मौलिक अधिकार के प्रतिकूल हो या जब वह पूरी तरह मनमाना व भेदभावपूर्ण हो।

### सीजेआई के बयान का महत्व

*सीजेआई के ये बयान उस व्यापक बहस के बीच आए हैं, जिसमें यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या न्यायपालिका अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रही है। ऐसे में सीजेआई के विचार न्यायपालिका की भूमिका, उसकी सीमाएं और उसकी जिम्मेदारियों को लेकर एक संतुलित दृष्टिकोण पेश करते हैं।*

## बिहार चुनाव में अकेले उतरेगी आप

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत तक बिहार का मुखिया कौन होगा,उसपर फैसला हो जाएगा। विधानसभा चुनाव के मैदान में इस बार एनडीए बनाम महागठबंधन के अलावा प्रशांत किशोर की पार्टी भी है। खास बात यह है कि अब तक इंडिया गठबंधन की साथी रही आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतरेगी। पार्टी ने अकेले सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। इसकी पुष्टि दिल्ली में आप संयोजक सौरभ भारद्वाज ने की है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111


# चुनाव के समय जमकर बोलने वाले मोदी की ट्रंप के बयानों पर चुप्पी की क्या मजबूरी है?

## छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल दिल्ली में बोले- पीम मोदी की पूरी राजनीतिक यात्रा विघटन और विभाजन की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल को विफलताओं और जनविरोधी नीतियों का स्मारक बताया है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरी राजनीतिक यात्रा विघटन और विभाजन की रही है, जिससे देश में हर समाज के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और यहां तक कि सेना के अधिकारियों के अपमान पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर भी सार्थक सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार पर विकास के झूठे दावों और आंकड़ों में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झूठे आंकड़ों और खोखले नारों से देश को लगातार गुमराह किया गया, सच्चाई छुपाई गई। उन्होंने कुंभ मेले में हुई मौतों का उदाहरण दिया, जहां सरकारी आंकड़ों के विपरीत दुनिया के एक प्रमुख सार्वजनिक प्रसारण नेटवर्क की रिपोर्ट में कहीं अधिक मौतें बताई गईं।

### नोटबंदी एक खोखला दावा

नोटबंदी को एक खोखला दावा बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे न तो काला धन वापस आया और न ही आतंकवाद की कमर टूटी, बल्कि आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, कोरोना महामारी में इलाज नहीं मिलने से लाखों लोगों की जान चली गई थी। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार की विफल विदेश नीति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले भारत की आवाज को पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती थी, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इतने देशों का दौरा करने के बावजूद कोई देश भारत के समर्थन में खड़ा नहीं हुआ।

### चुप्पी की क्या मजबूरी है?

भूपेश ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर संघर्ष विराम करवाने का दावा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार कहा कि उन्होंने धमकी देकर संघर्ष विराम कराया। इससे पूरा देश अपमानित महसूस कर रहा है। उन्होंने पूछा कि चुनाव के समय जमकर बोलने वाले नरेंद्र मोदी की ऐसे समय में चुप्पी की क्या मजबूरी है?

### 11 साल धोखे, छल और झूठ की राजनीति

भूपेश ने मोदी सरकार के 11 साल को धोखे, छल और झूठ की राजनीति बताया, जहां अमीर और अमीर, गरीब और गरीब होता गया। उन्होंने कहा कि /"जितने वादे किए, वे छल-प्रपंच और झूठ पर आधारित रहे हैं/"। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन रिक्त पड़े सरकारी पदों को ही नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई और यहां तक कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं भी भाजपा सरकार के दबाव में हैं, जिससे लोकतंत्र कमजोर हुआ है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना और नल-जल योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विफलताएं गिनाईं। उन्होंने एसटी-एससी, ओबीसी योजनाओं की स्थिति भी दयनीय बताई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन वो लागू कब किया जाएगा, उस पर कोई जवाब नहीं है और यही हाल जातिगत जनगणना के विषय में भी है।

---

## राहुल गाँधी की पाती पीएम मोदी के नाम

# छात्रों के हॉस्टल, अल्पसंख्यक छात्रों की बदहाली सहित उठाए कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर बिहार के दरभंगा के छात्र हॉस्टलों की खराब व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। बिहार में भाजपा, जदयू गठबंधन सरकार चल रही। इसी साल नवंबर में चुनाव होने हैं। लिहाजा सुबाई सरकार की घेराबंदी शुरू हो गई है। राहुल गाँधी ने अपने पत्र में छात्रों की स्कॉलरशिप में भारी गिरावट और हॉस्टल सुविधाओं की दुर्दशा के साथ दलित-ओ बी सी - आ दि वा सी - अल्पसंख्यक छात्रों को शिक्षा से वंचित रहने का सवाल भी उठाया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, कहा- दलित, ओबीसी, एसटी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के हॉस्टल में सुधार हो, स्कॉलरशिप समय पर मिले।

बाद में एआईसीसी के मंच से युवा नेताओं को युवाओं की आवाज उठाने को बिठाया गया। कांग्रेस एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी विभाग के चेयरमैन डॉ. विक्रांत भूरिया, कांग्रेस कार्य समिति सदस्य डॉ. कन्हैया कुमार ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए एक पत्र का हवाला देते हुए पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लाखों वंचित छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं और यह स्थिति संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

### छात्रों की स्कॉलरशिप की समस्या

गौतम ने विशेष रूप से छात्रों की स्कॉलरशिप की समस्या पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप या तो समय पर नहीं आती या कई बार एनआईसी पोर्टल काम ही नहीं करता, जिससे छात्र आवेदन नहीं कर पाते। उन्होंने उदाहरण दिया कि कैसे 2020-21 में 32 लाख से अधिक छात्रों ने प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए आवेदन किया, जो 2022-23 तक घटकर 12 लाख 34 हजार पर आ गया, यानी 65 प्रतिशत की गिरावट हुई। साल 2020-21 में पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए 40 लाख 94 हजार छात्रों ने आवेदन किया, लेकिन 2022-23 में ये आंकड़ा पांच लाख 38 हजार पर आ गया। करीब 80 प्रतिशत ड्रॉप आउट हुआ। उन्होंने कहा कि छात्रों को फीस के लिए ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ता है और स्कॉलरशिप न मिलने के कारण वे कर्ज में डूब जाते हैं, जिससे आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाने पड़ते हैं।

### दो मुख्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित

डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि सरकार शिक्षा से वंचित करके आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों को कुचल रही है। राहुल गांधी के पत्र का उल्लेख करते हुए भूरिया ने दो मुख्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिनमें पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप को खत्म किया जाना और देश भर के हॉस्टलों की बिगड़ती स्थिति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हॉस्टल ही गरीब छात्रों के लिए पढ़ने का एकमात्र सहारा हैं। उन्होंने हॉस्टलों में वार्डन की समस्या, सुरक्षा की कमी और ऑडिट की कमी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप न मिलने से स्कूली बच्चे पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने राष्ट्रीय फेलोशिप स्कॉलरशिप को 2023 से पूरी तरह बंद करने की निंदा की और इसे संस्थागत भेदभाव बताया। डॉ. कन्हैया कुमार ने स्कॉलरशिप आवेदन संख्या में गिरावट का कारण समय पर पैसे न मिलना और आवेदन प्रक्रिया को सजा जैसा बनाना बताया। उन्होंने शिक्षा बजट में कमी और एससी-एसटी सब प्लान के पैसे के लगातार डायवर्जन की आलोचना की, जिससे गरीब छात्रों को बुनियादी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।

---

# जस्टिस वर्मा के महाभियोग का सवाल अटकेगा जस्टिस यादव के महाभियोग पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ विपक्ष तीखे सवालों से है लैस

जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास सहयोग के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहल की गई तो उनसे दो टूक सवाल किया गया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर अभी सांसदों के हस्ताक्षर होने हैं जब कि छह महीने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 'मूव' किया गया उस पर केंद्र खामोश क्यों है? लग रहा है कि महाभियोग पर अब विपक्ष सरकार से टकराने को तैयार है।

विपक्षी नेताओं की शर्त है कि जस्टिस शेखर यादव और जस्टिस यशवंत वर्मा पर एक साथ महाभियोग संसद में लाया जाए। विदित हो कि जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर तय नियमों के मुताबिक 55 सांसदों ने हस्ताक्षर कर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड को छह महीने पहले सौंपा था।

### भाषण के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

इस भाषण के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद विपक्षी दलों, वरिष्ठ वकीलों, और नागरिक संगठनों ने इसे न्यायिक गरिमा, धर्मनिरपेक्षता, और संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन बताया। जस्टिस यादव के बयानों को नफरत फैलाने वाला करार देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठी।

---

# पाक से तनाव के बीच युद्धाभ्यास में जुटी नौसेना और सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ नौसेना ने ब्रिटेन संग किया पैसेज युद्धाभ्यास


ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी मोर्चे पर बने हुए तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र सेनाओं की दुनिया के तमाम देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय युद्धाभ्यास की कवायद जारी है। जिसमें नौसेना ने जहां ब्रिटेन के प्रमुख युद्ध समूह के साथ बीते 9 से 10 जून तक पैसेज युद्धाभ्यास किया है। वहीं, बुधवार को भारतीय सेना का दस्ता खान क्वेस्ट नामक बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास के लिए मंगोलिया के उलानबटोर पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने 11 जून को जारी किए गए अपने कुछ बयानों के जरिए यह जानकारी दी।

---

# ट्रंप पर टिप्पणी, मस्क ने जताया अफसोस

**वाशिंगटन**। अमेरिका में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेतों के बीच एलन मस्क के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक रहे अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अब उनकी नीतियों की मुखर आलोचना करने के करीब एक हफ्ते बाद अपने बयानों पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक्स पर जारी वार-पलटवार का मामला लंबा खिंच गया। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर उन्होंने जो भी बयान दिए, इसका उन्हें गहरा अफसोस है। गौरतलब है कि दोनों दिग्गजों के बीच यह टकराव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट से बीते पांच जून से शुरू हुई थी।


नए भारत की डिजिटल ताकत
भारत सरकार


सेमीकंडक्टर हब बनने की दिशा में भारत के तेज कदम; 2024 में ₹4+ लाख करोड़ पहुंचा मार्केट साइज

ऑप्टिकल फाइबर केबल की लंबाई 42+ लाख रूट किलोमीटर हुई; 2.14 लाख ग्राम पंचायतें ऑप्टिकल फाइबर केबल से जुड़ीं

डिजिटल इंडिया के तहत 5.76 लाख कॉमन सर्विस सेंटरों से सेवाएं प्राप्त करना हुआ आसान

GeM पोर्टल से ₹13.4+ लाख करोड़ के ऑर्डर दिए गए, जिससे सरकारी खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति बढ़ी


DBT के जरिए करीब ₹44 लाख करोड़ का गरीबों और जरूरतमंदों के खातों में सीधा भुगतान

डिजिलॉकर पर 52+ करोड़ यूजर्स ने 943+ करोड़ डॉक्यूमेंट्स अपलोड किए, जिससे अब वे डिजिटल डॉक्यूमेंट को कभी भी और कहीं से भी इस्तेमाल कर सकते हैं

उमंग App के जरिए नागरिक कहीं से भी 2200+ सरकारी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं; अब तक 8.25 करोड़ रजिस्ट्रेशन

जीवन प्रमाण के तहत पेंशनर्स द्वारा 10.2+ करोड़ जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल रूप से जमा किए गए


दुनिया का हर दूसरा डिजिटल लेनदेन भारत में होता है

अप्रैल 2025 में ₹24 लाख करोड़ के UPI लेनदेन हुए

डिजिटल CoWIN प्लेटफॉर्म से 220+ करोड़ वैक्सीन डोज से जुड़ी सटीक जानकारी और शानदार प्रबंधन संभव हुआ

CBC 37101/13/0009/2526


1 GB डाटा अब ₹10 से भी कम में उपलब्ध; 2014 में इसके लिए ₹300 से ज्यादा देने पड़ते थे

भारत सबसे तेजी से 5G का विस्तार करने वाले देशों में हुआ शामिल; केवल 22 महीनों में 5G नेटवर्क देश के 99.6% जिलों में पहुंचा

भारत-दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता

विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल



चिंतन

# रक्षा क्षेत्र में अधिक निवेश व टेक तैयारी की जरूरत

भारत को चीन व पाकिस्तान से रक्षा चुनौतियां हैं। अब बांग्लादेश भी सिरदर्द बन रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद और उग्रवाद भी भारत के लिए चुनौतियां हैं। ज्यों-ज्यों भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक ताकत के तौर पर उभरेगा, सामरिक चुनौती बढ़ती जाएगी। इसमें संदेह नहीं कि आज का भारत सैन्य रूप से काफी मजबूत है और भारतीय रक्षा क्षेत्र सभी प्रकार के सैन्य उपकरणों व हथियारों से लेस है, लेकिन जिस तेजी से वार तकनीक बदल रही है और इसमें लेजर, ड्रोन व साइबर तंत्र की एंट्री हो रही है, समूचे डिफेंस सिस्टम को अपडेट करने की जरूरत महसूस हो रही है। आज विश्व में दो सैन्य संघर्ष को देखें, तो जब भी कोई युद्ध होता है तो उसमें केवल दो देश ही शामिल नहीं होते हैं, बल्कि युद्ध मित्र राष्ट्रों के बीच होने लगता है। रूस व यूक्रेन जंग ने दिखाया है कि दोनों पक्षों को बाहरी मदद मिल रही है। भारत व पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के समय भी ऐसा देखने को मिला। चीन व तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ आए व अमेरिका पाक की तरफ झुका दिखा। इसलिए भारत को मजबूत रक्षा तैयारी की जरूरत है, वह भी स्वदेशी दम पर। यूक्रेन ने रूस में जिस प्रकार से अंदर घुस कर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया, उससे भारत को अपनी रक्षा तैयारियों को उस स्तर से भी आगे ले जाने की आवश्यकता है। सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उस वक्त तक भारत का रक्षा निर्यात पचास हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भारतीय स्वदेशी सैन्य अस्त्र-शस्त्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आयातित महंगे उपकरणों ने अपनी सीमाएं दिखाई। यहां से भारत के लिए अपने रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के साथ इसे उच्च तकनीक आधारित विकसित करना चाहिए। आतंकवाद से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रक्षा क्षेत्र को 'आत्मनिर्भर भारत' के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में तैयार करना होगा। वर्ष 2014 में वार्षिक रक्षा उत्पादन लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जो आज 1.30 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये का था। भारत में निर्मित रक्षा उत्पाद लगभग 100 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। इस स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है। रक्षा बजट को बढ़ाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.22 लाख करोड़ रुपये किया गया था, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6.81 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्त वर्ष से 9.5 फीसदी अधिक है। अगले बजट में इसमें 50 हजार करोड़ की वृद्धि हो सकती है। इसे करीब 8 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर ले जाना होगा। पिछले कुछ सालों में भारत में रक्षा खर्च में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत दुनिया में सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भी है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। भारत को नई रक्षा तैयारियों में काउंटर ड्रोन सिस्टम, लेजर ड्रोन किलिंग सिस्टम, हार्ड किल ड्रोन सिस्टम पर ध्यान देना चाहिए और ड्रोन झुंडों को मारने के लिए मोबाइल 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम को मजबूत करना चाहिए। भारतीय नेवी अभी 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम का ट्रायल कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गाइडेड ड्रोन ने अब कम खर्चे में प्रभावी वार टूल के रूप में अपनी क्षमता साबित की है। भारत को इस क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए।



गरीबी उन्मूलन
रवि शंकर

# असमानता की खाई को पाटना जरूरी

> विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं।

भारत में विकास दर लगातार बढ़ती जा रही है। अब हालात पहले से बेहतर हो गए हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में काफी ज्यादा कमी देखी गई। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2011-12 में 27.1 प्रतिशत की अत्यधिक गरीबी दर 2022-23 में घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन के बाद देश को अच्छी खबर मिली है। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में अत्यंत गरीबों की संख्या घटी है। विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन हो गई है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताती है।

विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करती है। रिपोर्ट के अनुसार देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.8 प्रतिशत हुई। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हुई। वहीं, ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया। इसके अलावा, भारत ने मल्टी डायमेंशनल पावर्टी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। आंकड़ों के अनुसार, मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स 2005-06 में 53.8 फीसदी से घटकर 2019-21 तक 16.4 फीसदी हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 फीसदी हो गया। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की बदली हुई जिंदगी की कहानी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जहां 2011 में सबसे ज्यादा गरीब आबादी थी। उन्होंने इस बदलाव में बड़ा योगदान दिया। अकेले इन्हीं राज्यों ने देशभर में गरीबी घटाने में दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा निभाया है। इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए क्योंकि यह मानव कल्याण में बड़ी प्रगति की तरफ इशारा करता है। यह आर्थिक वृद्धि और लक्षित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को परिलक्षित करता है।

हमारे देश में गरीबी के कई कारण रहे हैं। देश में ग्रामीण गरीबी का मूल कारण कृषि में अर्द्ध सामंती उत्पादन संबंधों का होना है। स्वंतत्रता के बाद भूमि सुधारों के लिए जो कदम उठाए गए, वे नाकाफी हैं और भूमि पर बड़े किसानों का अधिकार होने से भूमिहीनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग सभी खेतिहर मजदूरों के परिवार, काफी संख्या में छोटे व सीमांत किसान तथा भूमिहीन गैर-कृषि क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिक परिवार गरीब हैं। जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, किन्तु भूमि उतनी ही रहती है।

इससे श्रम उत्पादकता और वास्तविक प्रति व्यक्ति आय कम होती जाती है। कृषि में तकनीकी परिवर्तनों और खाद्यों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ बड़े किसानों को ही हुआ है। वहीं देश में बढ़ते पूंजीवाद के




कारण नवउदारवादी नीतियों तथा खुदरा क्षेत्र में विदेशी निवेश की नीतियां गरीबों के लिए अहितकर सिद्ध हुई है। बहरहाल, भारत ने वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि नीति, प्रयास और जनसहभागिता से गरीबी जैसी चुनौती को मात दी जा सकती है। हालांकि, इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गई थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बने रहना और सरकारी नीतियां हैं।

रिपोर्ट में जहां मोदी सरकार इस बड़ी उपलब्धि की तारीफ की गई है, तो वहीं दूसरी ओर इकोनॉमी को लेकर कहा गया है कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2024-25 तक कोरोना महामारी पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग 5 फीसदी कम थी। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। जाहिर तौर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है, जिसका नतीजा सामने है। इसके बावजूद जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। ये असमानताएं हैं जिन्हें अवश्य ही दूर किया जाना चाहिए। यह ठीक है कि एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए, पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। खैर, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

अभिव्यक्ति
डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रतिनिधिमंडल में दिखा भारतीयता का मुखर भाव

बीते कई दशक से भारत आतंकवाद से जूझ रहा है। बावजूद इसके पड़ोसी देश पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर भ्रम फैलाने में पीछे नहीं रहता। बीते दिनों पहलगाम हमले के बाद की गई सफल सैन्य कार्रवाई से साथ ही हमारे देश द्वारा दुनिया के कई देशों में अपना पक्ष रखने का प्रयास भी अहम रहा। ध्यातव्य है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 'ग्लोबल-आउटरीच' के लिए सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया के अलग-अलग देशों का दौरा कर ना केवल पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब किया बल्कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख भी स्पष्टता से रखा है। 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर अलग-अलग राजनीतिक दलों के 51 सांसदों के साथ ही राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाहों ने परायी धरती पर भारत का पक्ष रखा। सुखद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखते हुए दुनिया के अनेक देशों का दौरा कर लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों में हर मतभेद से परे भारतीयता का मुखर भाव दिखा।


असल में आतंक के दंश के खिलाफ दिखी यह साझी अभिव्यक्ति मौजूदा समय के लिए ही नहीं, भविष्य में भी आतंकवादी गतिविधियों के प्रति भारत की सख्ती को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करने वाली रही। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के अलावा कांग्रेस समेत कई पार्टियों के नेताओं ने प्रभावी ढंग से अपने देश की रणनीति और कार्रवाई को दुनियाभर के लोगों को समझाया। रेखांकित करने योग्य पक्ष यह भी है कि देश में सरकार का मुखर विरोध करने वाले नेताओं ने भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंच पर एक सहयोगी भाव के साथ रखा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाइयों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी की बातों में भारतीयता की सोच साफ नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर से जुड़े विवादित पक्ष को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीज़फायर के लिए अमेरिका का दबाव पाकिस्तान पर था, भारत पर नहीं, क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी द्वारा भारत की राष्ट्रभाषा को 'विविधता में एकता' की भाषा बताना भी रहा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के शशि थरूर और बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा कही गई बातों की तो वैश्विक स्तर पर खूब चर्चा भी हुई। पाकिस्तान के सहयोग से पल रहे आतंकवाद को वैश्विक मंच पर उजागर करने का यह कदम सचमुच सार्थक संदेश देने वाला रहा।

देश की सुरक्षा और अस्मिता के मोर्चे पर सभी राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई साझी चिंता देशवासियों को भी भरोसा देने वाली रही। देखा जाए तो यह कूटनीतिक मुहिम वैश्विक मंचों पर पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता को सामने रखने वाला अहम कदम तो थी ही, भविष्य के लिए भी आतंकी गतिविधियों को लेकर भारत की सोच को स्पष्ट करने में कामयाब रही। बहुत देशों ने खुलकर भारत का समर्थन किया। कोलंबिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मारे गए आतंकियों पर शोक जताने वाला अपना बयान भी वापस लिया। मलेशिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को लेकर पाकिस्तानी दूतावास ने धर्म की आड़ लेकर अपनी मनवाने की कोशिश की।

मलेशियाई सरकारी अधिकारियों से हमारे देश के प्रतिनिधिमंडल के सभी 10 कार्यक्रमों को रद करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि हम एक इस्लामी देश हैं, आप भी एक इस्लामी देश हैं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बात न सुनें, मलेशिया में उनके सभी कार्यक्रम रद कर दें। बावजूद इसके मलेशियाई सरकार ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन की न केवल मंजूरी दी बल्कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत कर उनका पक्ष भी सुना गया। कोलंबिया की उपविदेश मंत्री वियाविसेंसियो ने भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर के साथ खड़े होकर कहा, "हमें अब इस बात की पूरी जानकारी है कि कश्मीर में वास्तव में क्या हुआ था।' एक अन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर लौटीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि 'आतंकवाद के खिलाफ़ हर देश भारत के साथ पूरी ताकत से खड़ा है।' निःसंदेह, सभी दलों के प्रतिनिधियों का साझा स्वर देश के भीतर आतंकवादी घटनाओं को लेकर जनमानस की भावना समझने से लेकर वैश्विक मोर्चे पर भारत का पक्ष रखने तक, कामयाब कूटनीतिक मुहिम रहा है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।


## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा- लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा- क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला- पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हमारे जमीर में घुला जहर**

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *- राजेंद्र ठाकुर, कवर्धा*

## ट्रेंड

### साझा मूल्यों पर चर्चा

आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।



- एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### हिंदी सीखने का भी महत्व

तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम हमारी मूल भाषाएं हैं और हमें उन्हें सीखना चाहिए, इस पर कोई समझौता नहीं। लेकिन इसके अलावा हिंदी सीखने का भी महत्व है। यह हमारे युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकती है।



- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश

### पायलट को श्रद्धांजलि

जब किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिख कर उन पदों पर पहुंचेंगे जहां से इस देश की नीतियां बनती है, तभी भारत का सही मायनों में विकास होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, किसानों के हितैषी, राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि।



- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मोदी सरकार की साजिश

मोदी सरकार के 11 साल दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव से भरे रहे हैं। इन्हें संस्थागत रूप से दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश जारी है।



- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### सिंगापुर ने साइबर अपराध से जुड़े 1,000 आईपी हटाए

सिंगापुर के अधिकारियों ने 1,000 से अधिक इंटरनेट प्रोटोकॉल (या आईपी) पते को हटा दिया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे साइबर अपराधों से जुड़े थे। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) के आपराधिक जांच विभाग के तहत साइबर अपराध कमान के अधिकारियों ने देश में आईपी पते को हटाने के लिए सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीएसए) के साथ काम किया। यह वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल के नेतृत्व में 26 देशों में चार महीने के अभियान का हिस्सा था और इसे 'ऑपरेशन सिक्योर' नाम दिया गया था। साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान इस साल जनवरी से अप्रैल तक चलाया गया। 26 देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिलकर भौतिक सर्वरों का पता लगाया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे 'इन्फोस्टीलर्स' के रूप में जाने जाने वाले दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर (मैलवेयर) को बनाए रखते हैं। इस अभियान में भौतिक नेटवर्कों की मैपिंग और लक्षित टेकडाउन को अंजाम देना शामिल था। बयान में कहा गया है कि वैश्विक प्रयास के कारण 20,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण आईपी पते और डोमेन को हटाया गया।



## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड का केंद्र आप नहीं पा सकते हैं

पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि ''सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएँ एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।





आज के दौर में अधिकतर लोग किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रस्त नजर आते हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप एक सरल योगसन का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

## रोज करें आनंद बालासन रहें तनावमुक्त-आनंदित

**योगोपचार**

**दिव्यज्योति 'नंदन'**

आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में हर कोई इतना व्यस्त है कि लोग चाहकर भी अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिस कारण तनाव में रहते हैं और इस तनाव के चलते उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसी जीवनशैली जीने के लिए मजबूर लोगों को उनके तनावों से छुटकारा पाने के लिए योग विशेषज्ञ हर दिन आनंद बालासन योग करने की सलाह देते हैं। आनंद बालासन योग को हैप्पी बेबी पोज भी कहा जाता है। यह एक रिलैक्सिंग योगासन है। इसे हर दिन किया जाए तो कोई कितनी ही परेशानियों से क्यों न घिरा हो, लेकिन इस योगासन की बदौलत वह किसी हद तक तनाव मुक्त हो जाता है, जिससे उसे न सिर्फ मानसिक राहत मिलती है बल्कि कई तरह की शारीरिक समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है।



**इसे करने के फायदे:** यह योगासन तनाव और चिंता कम करता है। इसे नियमित करने से पीठ दर्द में आराम मिलता है। पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर का लचीलापन बढ़ता है। इसे नियमित करने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है। शरीर में एनर्जी बढ़ती है। कब्ज, गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। रीढ़ की हड्डी और हैमस्ट्रिंग मजबूत होती है। इतने सारे फायदे मिलने से इसे नियमित करने वाले लोग बच्चे की तरह खुशी और बेफिक्री महसूस करने लगते हैं। इसीलिए इस योगासन को आनंद बालासन कहते हैं।

**आनंद बालासन करने की विधि:** इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी हो। अब धीरे से अपने दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और दोनों घुटनों को सीने के नजदीक लाएं। इस दौरान अपने दोनों पैरों के मध्य दूरी बनाएं और फिर आहिस्ता से दोनों हाथों के जरिए पैरों को मोड़ लें तथा पैरों के तलवों को छत की ओर रखें और घुटनों की मदद से नब्बे डिग्री का कोण बनाएं। इस पोज में रहने के दौरान अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए गहरी सांस लें और फिर उसे धीरे-धीरे रिलीज करें। पैरों को पकड़ने के बाद उन्हें अपने सीने की ओर बालसुलभ भाव से खींचें जैसे छोटे बच्चे करते हैं। इस आनंद की मुद्रा में शरीर को 30 सेकेंड से 1 मिनट तक रखें। उसके बाद शरीर को कुछ देर के लिए रिलैक्स छोड़ दें। इससे तन और मन दोनों को शांति मिलती है। इस मुद्रा से बाहर आने के लिए धीरे से अपने पैरों को छोड़ें और घुटनों को वापस अपनी छाती की ओर लाएं। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को मैट पर फैला लें।

**क्या सावधानियां बरतें:** आनंद बालासन बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे करते समय कुछ सावधानियां अवश्य बरतें। अगर आपको हर्निया या स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है तो यह योगासन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह लें। सलाह न भी लें तो भी यदि योगासन के दौरान दर्द या असुविधा महसूस हो रही हो तो तुरंत इसे करना बंद कर दें और योग शिक्षक से उसकी वजह जानें। जिन लोगों को घुटनों और टखनों की चोट लगी हो उन्हें यह आसन करने से बचना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि इस आसन को करते समय शरीर को ज्यादा झटके से न हिलाएं अन्यथा रीढ़ की हड्डी को नुकसान हो सकता है। आनंद बालासन करने के बाद, कुछ देर के लिए शवासन की मुद्रा में आकर आराम करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं यह आसन न करें। स्लिप डिस्क या रीढ़ की समस्या से पीड़ित लोग भी इसे न करें। हाल ही में पेट की सर्जरी करवाने वाले व्यक्ति, हर्निया या अपच के पेशेंट, जिन्हें हो घुटनों या कूल्हों में दर्द की शिकायत उन्हें यह आसन नहीं करना चाहिए।

**ये आसन करना फायदेमंद:** आनंद बालासन के पहले आप सुप्तबद्ध कोणासन और पवनमुक्तासन का अभ्यास कर सकते हैं। आनंद बालासन के बाद आप सेतु बंधासन, सुप्त मत्स्येंद्रासन और शवासन का अभ्यास कर सकते हैं। ऐसा करना और भी फायदेमंद रहेगा। *

---

हम जानते हैं कि ज्यादा गर्मी की वजह से शरीर के बीमार होने का रिस्क बढ़ जाता है, शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कमजोरी और थकान महसूस होना भी आम बात है इसलिए मौसम के हिसाब से आपको अपना डाइट प्लान बनाना बहुत जरूरी है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

## डाइट में शामिल करें ये फूड-लिक्विड इस सीजन में आप रहेंगे हेल्दी

**डाइट सजेशन**

**ललिता गोयल**

गर्मी का मौसम पाचन तंत्र के लिए अनुकूल नहीं होता है। लोगों को बहुत सारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसम के हिसाब से डाइट में बदलाव नहीं करने पर हेल्थ पर बुरा असर हो सकता है। गर्मी के मौसम में वॉमिट और पेट में जलन जैसी समस्या भी आम होती है। इसलिए इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में ठंडी तासीर वाली चीजों को डाइट में शामिल करने से सेहत दुरुस्त रहती है और शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन भी मिलता है। ऐसे में शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने वाली चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में डाइट में किन फूड्स को शामिल करके हेल्दी रहा जा सकता है?

### तरबूज

तरबूज में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसलिए इसका सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, इंफ्लेमेशन कम करने में मदद करता है और इस मौसम में होने वाली शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता। तरबूज में विटामिन सी, ए और पोटेशियम जैसे पौष्टिक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को बनाए रखने में मदद करते हैं।



### खीरा

खीरा भी एक हाइड्रेटिंग फूड है, जो पानी से भरपूर होता है और इसका सेवन करने से कैलोरी भी ज्यादा नहीं कंज्यूम होती। यह शरीर के तापमान को रेग्युलेट करने में मदद करता है और टॉक्सिन को फ्लश आउट करने में सहायक होता है इसलिए गर्मियों में खीरे को डाइट में शामिल करना, सेहत के लिए एक बेहतर ऑप्शन है। खीरा शरीर को हाइड्रेटेड रखने और ठंडक देने के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाने, डाइजेशन को सुधारने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करता है। लंच से आधे घंटे पहले सलाद के तौर पर खीरा खाना चाहिए।



### नारियल का पानी

गर्मियों में नारियल का पानी शरीर के लिए काफी लाभदायक रहता है। इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। गर्मियों के दौरान नारियल पानी पीने से पसीने के रूप में फ्लूड लॉस से शरीर को बचाता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।



### पुदीना

पुदीना गर्मियों में शरीर के लिए एक रिफ्रेशिंग इंग्रेडिएंट्स का काम करता है और शरीर पर इसका काफी कूल प्रभाव होता है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ इंफ्लेमेशन कम करने में भी मददगार होता है। गर्मियों में पुदीने को सलाद, ड्रिंक्स या फिर चटनी आदि में मिला कर लिया जा सकता है। पुदीना डिटॉक्स वॉटर की तरह काम करता है और इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है, साथ ही यह स्किन हेल्थ में भी सुधार करता है।

### दही

दही में प्रोबायोटिक होते हैं, जो अच्छे बैक्टीरिया होते हैं और पाचन तंत्र के लिए लाभदायक होते हैं। यह शरीर की गर्मी को कम करने में, इंफ्लेमेशन को कम करने में और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में सहायक होते हैं। दही को लस्सी, स्नैक, सलाद में मिला कर खाया जा सकता है।



### ज्वार की रोटी

गर्मी के मौसम में लंच में ज्वार की रोटी खानी चाहिए। यह फाइबर से भरपूर और ग्लूटन-फ्री होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल रेगुलेट होता है और एनर्जी बूस्ट होती है।



### गोंद कतीरे का पानी

गर्मियों में सुबह गोंद कतीरे का पानी पीना चाहिए। गोंद कतीरा फाइबर से भरपूर होता है, शरीर को ठंडक देता है, डाइजेशन सुधारता है और गर्मी से होने वाली थकान को कम करता है। इससे स्किन को भी हाइड्रेशन मिलता है।



### छाछ

इस मौसम में दोपहर के खाने से पहले छाछ पीना बहुत लाभकारी होता है। इससे डाइजेशन में सुधार होता है, शरीर को ठंडक मिलती है और गट हेल्थ दुरुस्त होती है।



### लौकी

गर्मियों में लौकी को डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। लौकी को चीला, सब्जी या दाल में डालकर खाया जा सकता है। लौकी से भी शरीर को हाइड्रेशन मिलता है। लौकी कैलोरीज में कम होती है, शरीर को डिटॉक्स करती है और डाइजेशन को सुधारती है।

### गन्ने का रस

गन्ने का रस गर्मियों में शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहता है। इसमें विटामिंस और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, लिवर फंक्शन में सुधार होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। *

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

### इनके सेवन से बचें

गर्मी के मौसम में हेल्दी रहने के लिए कुछ फूड्स के सेवन से बचना भी जरूरी होता है।

- मसालेदार और तले, भुने भोजन का सेवन करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है इसलिए गर्मियों में इन्हें खाने से बचना चाहिए।
- शराब का सेवन करने से शरीर डिहाइड्रेट होता है और इससे शरीर का तापमान भी बढ़ता है। इसलिए इसके सेवन से बचना चाहिए।
- गर्मियों में शुगर से भरपूर ड्रिंक्स जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स या फिर सोडा का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और ब्लड शुगर लेवल भी तेजी से बढ़ सकता है।

---

**घरेलू औषधि / शिवचरण चौहान**

## कई रोगों में कारगर हरड़

हरड़, बहेड़ा, आंवला तीन फल हैं, जो आयुर्वेद में अमृत के समान माने गए हैं। तीनों के फलों को सुखाकर, पीसकर त्रिफला चूर्ण पावडर बनता है, जो अनेक रोगों के लिए अचूक औषधि है। इन्हीं तीन फलों में से एक हरड़ यानी हर्र के बारे में यहां बता रहे हैं। हर्र के अनेक नाम हैं। जैसे रोग के भय को दूर करने के कारण अभया नाम है। रोगों को हर लेती है, इस कारण हरीतकी नाम है। पथ्य रूप होने से पथ्या नाम है। शरीर को बुढ़ापे से रक्षा करती है, इस कारण कायस्था नाम है। हिमालय पर उत्पन्न होने से हेमवती नाम है। अमृत के समान गुण होने से अमृता नाम है। व्यथा को दूर करने से अव्यथा नाम है। शरीर को पवित्र करने वाली होने से पूतना नाम है। कल्याणकारी होने से श्रेयसी और शिवा नाम है। जीवंती, विजया, रोहिणी नाम भी इसके गुण के अनुसार ही हैं।



**इन रोगों में लाभकारी:** भुनी हुई हर्र त्रिदोष को दूर करती है और बल, बुद्धि तथा इंद्रियों को शक्ति प्रदान करने वाली होती है। चबाकर खाई हुई हर्र पाचन अग्नि को बढ़ाती है। पिसी हुई हर्र खाने से मल की शुद्धि होती है। तली हुई हर्र खाने से संग्रहणी दूर होती है। इसमें मीठा, कड़ुवा, कसैला रस पित्त नाशक है, खट्टा रस वातनाशक है और तिक्त, कटु, कसैला रस कफनाशक है। गुड़ के साथ सेवन करने से हर्र सर्व रोगनाशक है। लवण के साथ हर्र कफ को शांत करती है। शहद के साथ सेवन करने से हर्र पित्त नाशक है। वसंत ऋतु में शहद के साथ, ग्रीष्म ऋतु में गुड़ के साथ, वर्षा ऋतु में सेंधा लवण के साथ, शरद ऋतु में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, शिशिर ऋतु में पीपर के साथ हर्र सेवन करना चाहिए। हर्र की एक तोला से अधिक मात्रा भी ली जा सकती है।

**त्रिफला है लाभकारी:** हरड़, बहेडा, आंवला, इनको त्रिफला कहते हैं। त्रिफला को संध्या समय भिगो दें, सबेरे छान कर उससे नेत्र धोएं तो सब प्रकार के नेत्र संबंधी रोग शांत हो जाते हैं। संध्या में भिगोया हुआ त्रिफला, सुबह और छान कर नमक मिला कर पीने से खांसी और कफ के रोग दूर हो जाते हैं। अकेली हरड़ को जल के साथ घिस कर गरम कर ऊपर लेप करने से नेत्र रोग दूर हो जाता है। जो मनुष्य थका हो, धातु विकार हो, जिसका खून निकाला गया हो तथा गर्भवती स्त्री को हर्र नहीं खाना चाहिए और जिसको ज्वर आता हो उसको पीली हर्र नहीं खाना चाहिए। इसका किसी भी प्रकार के औषधीय सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

---

इन दिनों अखबार, टीवी और सोशल मीडिया, हर तरफ से युद्ध और हिंसा की खबरें देखने और सुनने को मिल रही हैं। कुछ लोग इससे मेंटली डिस्टर्ब होने लगते हैं। यही वॉर एंग्जायटी कहलाता है। इसके लक्षण और उपचार के बारे में यहां बता रहे हैं।

## इन दिनों कई लोगों को हो रही है वॉर एंग्जायटी

**मेंटल हेल्थ**

**शिखर चंद जैन**

इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध हो रहा है या वॉर के हालात बने हुए हैं। रात-दिन वॉर से जुड़ी खबरें देखने, पढ़ने और सुनने से मीरा ने महसूस किया कि उसका जी मिचला रहा है, हल्के चक्कर आ रहे हैं और सिर भारी-भारी सा लग रहा है। उसे बार-बार टॉयलेट भी जाना पड़ रहा था और प्यास भी लग रही थी। उसने शुगर चेक किया, तो नॉर्मल था। बीपी चेक किया तो, खास बढ़ा हुआ नहीं था, सामान्य ही था। मीरा ने टीवी बंद किया, एक गिलास नीबू पानी पिया और पार्क में टहलने के लिए निकल पड़ी। सोसायटी की कुछ सहेलियां मिल गईं। उनसे बातें करते हुए उसने जब अपनी समस्या के बारे में बताया, तो एक और महिला ने भी बिल्कुल वैसे ही लक्षणों का जिक्र किया और कहा, 'मेरा भी हार्ट ऐसे ही तेज धड़क रहा था तो मैं इधर आ गई। यहां अच्छा लग रहा है।' मीरा को भी अच्छा फील होने लगा। उनकी बातें सुनकर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अवंतिका ने कहा, 'अरे तुम दोनों को वॉर से जुड़ी न्यूज देखते-सुनते वॉर एंग्जायटी की प्रॉब्लम हो गई है।'

**वॉर एंग्जायटी क्या है:** जब युद्ध, हिंसा और विनाश के बारे में ब्रेकिंग न्यूज, वीडियो और तस्वीरें मीडिया में छा जाती हैं, तो यह स्थिति कई लोगों के लिए परेशान करने वाली और डरावनी हो सकती है। कुछ लोगों में ये सब भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इस स्थिति को 'हेडलाइन स्ट्रेस डिसऑर्डर', 'युद्ध की चिंता' या 'युद्ध चिंता' नाम दिया है। इस बारे में मनोविज्ञानी स्टेफनी कोलियर, ने हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित अपने लेख में बताया है कि युद्ध की चिंता, सैन्य बलों द्वारा हमलों या आतंकी हिंसा के बारे में समाचार और भयावह तस्वीरों के प्रति भय से उपजी यह प्रतिक्रिया ही वॉर एंग्जायटी होती है।



**प्रमुख लक्षण:** डर, चिंता और अनिश्चितता उत्पन्न करने वाले समाचार, एंकर्स और प्रवक्ताओं की उग्र टिप्पणियां, बम और मिसाइलों के धमाके, रक्तपात और विनाश के दृश्य किसी के भी दिल, दिमाग और शरीर में तीव्र प्रतिक्रियाएं स्टिमूलेट कर सकते हैं। शारीरिक लक्षणों में दिल की तेज धड़कन, पेट में गुड़गुड़ाहट या मरोड़, मितली या चक्कर आना शामिल हो सकते हैं। सोने में परेशानी, बेचैनी या बुरे और डरावने सपने भी आ सकते हैं।

**इस कंडीशन में क्या करें:** अगर आप इन्हीं वजहों से बेचैनी महसूस करते हैं तो न्यूज चैनल से अपने संपर्क को सीमित करें। आप अपनी किसी हॉबी पर समय दें। अच्छी किताबें पढ़ें और प्रेरक आलेख पढ़ें। परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। अपने प्रियजनों से जुड़े रहें और उनका हाल-चाल लेते रहें। माइंडफुलनेस, शारीरिक गतिविधि और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से इमोशंस को पॉजिटिव रखें। बच्चों के साथ खेलें और पार्क में टहलने की आदत डालें। शोध बताते हैं कि प्रकृति के करीब समय बिताने से तनाव और चिंता से राहत मिल सकती है। अपनी शारीरिक गतिविधि की तीव्रता बढ़ाएं। कोई भी एरोबिक गतिविधि चिंता को कम कर सकती है, लेकिन व्यायाम की तीव्रता और उसमें आपकी संलग्नता जितनी अधिक होगी, चिंता पर अच्छा प्रभाव उतना ही अधिक होगा। पोषक और सेहतमंद भोजन खाएं। पर्याप्त नींद लें। हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं। अनिश्चितता को स्वीकार करें। अनिश्चितता महसूस करना पूरी तरह से सामान्य है। आपको स्वयं को समझाना होगा कि इस स्थिति पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। *

**(मनोविज्ञानी रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

**क्या कहती है रिसर्च:** एक अध्ययन में पाया गया कि परमाणु युद्ध के बारे में चिंतित किशोरों में पांच साल बाद सामान्य मानसिक विकारों का जोखिम बढ़ गया था। चिंता से ग्रस्त लोगों में संकटों के बारे में मीडिया कवरेज की तलाश करने की अधिक संभावना होती है। ऐसे में युद्ध की चिंता धीरे-धीरे आप पर हावी हो सकती है या यह किसी ट्रिगर के जवाब में अचानक प्रकट हो सकती है।

---

वर्क प्रेशर, आगे बढ़ने की जल्दी, अनहेल्दी फूड हैबिट, एक्सरसाइज से दूरी और टेंशनफुल लाइफ ऐसे तमाम कारण हैं, जो पुरुषों के स्वास्थ्य पर लगातार नकारात्मक असर डाल रहे हैं। पुरुषों के स्वास्थ्य निगरानी माह (जून) के अवसर पर इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

## बिगड़ती लाइफस्टाइल से पुरुष हो रहे बीमार

**अवेयरनेस**

**रेखा देशराज**

दिन पर दिन तेजी से भागती लाइफस्टाइल, दिनों-दिन जटिल होती काम-काजी तकनीक और करियर में प्रतिस्पर्धा का असर पुरुषों के समूचे स्वास्थ्य पर कहर बनकर टूट रहा है। यही वजह है कि इस 21वीं सदी में पुरुषों की औसत आयु, महिलाओं के मुकाबले करीब डेढ़ से दो साल और कम हो गई है। साथ ही पुरुषों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से गिरता जा रहा है।



**बिगड़ते स्वास्थ्य का कारण:** पुरुषों के स्वास्थ्य में गिरावट का कारण जीवन का 'रनिंग एजेंडा' है। सुबह जल्दी उठना, ऑफिस में वर्क प्रेशर, घर पहुंचकर भी ऑफिशियल प्रोजेक्ट में बिजी रहना, देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहना, ये गतिविधियां आज ज्यादातर पुरुषों के जीवन का अहम हिस्सा बन गई हैं, जिस कारण वे अकसर शरीर से थके रहते हैं और दिमाग से बोझिल। पूरी दुनिया के पुरुषों की नियमित नींद में कमी आ रही है। एक तो काम का दबाव और करियर में आगे बढ़ने का प्रेशर, ऊपर से डिजिटल तकनीक का मायाजाल। इन वजहों से दुनियाभर के पुरुषों में वर्तमान लाइफस्टाइल तमाम परेशानियां पैदा कर रही हैं।

**नई तकनीक का असर:** नई तकनीक आ जाने के कारण काम-काज तो आसान हुआ है, लेकिन इस तकनीक को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी जिन पुरुषों पर है, उन पर यह भारी पड़ रही है। ई-मेल, व्हाट्सएप, टीम मीटिंग, जूम कॉल, वर्क फ्रॉम होम इन सबने दैनिक काम को सिर्फ 9 से 5 तक सीमित नहीं रहने दिया बल्कि इसे 24X7 में तब्दील कर दिया है। पुरुषों में लगातार टेक्नोलॉजी में अपग्रेड रहने का दबाव रहता है। इससे भी दिमाग तनाव से मुक्त नहीं हो पाता है।

**अनहेल्दी फूड हैबिट:** जिस तरह की काम-काजी तेजी का दबाव है, उसके चलते फास्ट फूड खाने की हैबिट भी पुरुषों में बढ़ रही है। दुनियाभर के 52 फीसदी से ज्यादा काम-काजी पुरुष फास्ट फूड खाने के आदी हो गए हैं। भारत में 40 करोड़ पुरुष घरों से बाहर रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, जिनमें से 17 से 20 करोड़ लोग अकेले रहते हैं और इनमें से 70 से 80 फीसदी पुरुष अमूमन हफ्ते में तीन बार फास्ट फूड खाते हैं।

**एक्सरसाइज से दूरी:** एक्सरसाइज से दूरी भी पुरुषों में बढ़ती बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। भारत में पिछले एक दशक में पुरुषों के काम-काज के घंटे औसतन दो से ढाई घंटे बढ़ गए हैं। व्यस्तता बढ़ जाने के कारण पुरुषों में नियमित एक्सरसाइज की गतिविधि कम हो गई है।

**बढ़ रही है बीमारियां:** तमाम वजहों से पुरुष चाहकर भी अपने स्वास्थ्य की जरूरी देख-रेख नहीं कर पाते, उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। काम-काज की शैली और रफ्तार बदल जाने के कारण जिस चीज की सबसे ज्यादा उपेक्षा हो रही है, वह पुरुषों का स्वास्थ्य ही है। भारत के करीब 87 फीसदी काम-काजी पुरुष कम से कम एक या दो लाइफस्टाइल बीमारियों के चंगुल में फंसे हुए हैं और दुनिया के स्तर पर तो यह आंकड़ा 90 फीसदी के ऊपर है।

इससे साफ है कि कंडीशन तभी बदल सकती है, जब पुरुष स्वयं अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस होंगे और अपनी लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव करेंगे। *



# बाली उम्र में रखा इंडस्ट्री में कदम, 30 साल में दी 250 फिल्में

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा का इतिहास सिर्फ अच्छी फिल्मों और कहानियों से नहीं बना, बल्कि उन खास कलाकारों से भी बना है, जिन्होंने अपने छोटे से कॅरियर में बड़ा असर डाला है। ऐसे ही एक कलाकार थीं 'पद्मिनी। वह न सिर्फ सुंदर अभिनेत्री थीं, बल्कि शास्त्रीय नृत्य कला में निपुण थीं। पद्मिनी भले ही ज्यादा समय तक फिल्मों में नहीं रहीं, लेकिन अपनी कला में इतनी माहिर थीं कि देखने वाले दाद दिए बिना नहीं रह पाते थे। उस दौर में दर्शक उनकी तुलना दिग्गज अभिनेत्री वैजयंती माला से करते थे। दरअसल, पद्मिनी का अभिनय उम्दा और खूबसूरती गजब की थी, उस दौर में दर्शक उनकी तुलना मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला से करते थे। उस जमाने में वैजयंती माला भी बेहतरीन एक्ट्रेस के साथ-साथ शानदार भरतनाट्यम डांसर के रूप में जानी जाती थीं। बताया जाता है कि इसी वजह से दोनों के बीच हमेशा प्रतिस्पर्धा रहती थी। साल 1958 में आई फिल्म राज तिलक में पद्मिनी और वैजयंती माला का फेस ऑफ सुर्खियों में था। दोनों ने आजा राजा बेकरार गाने पर परफॉर्म किया था। इसके अलावा फिल्म वंजिकोट्टई वेलिबन में भी दोनों के बीच डांस की कड़ी टक्कर देखी गई।



## शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मोह लिया मन

पद्मिनी का जन्म 12 जून 1932 में तमिलनाडु के त्रिवेंद्रम में हुआ। पद्मिनी मलायली परिवार से ताल्लुक रखती थीं। 16 साल की उम्र में उन्होंने फिल्मी जगत में कदम रखा और हिंदी फिल्म कल्पना में नजर आईं, इस फिल्म में उन्हें बतौर डांसर के तौर पर कास्ट किया गया। फिल्म में उन्होंने शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। इस फिल्म में उनकी बहन ललिता भी थीं।

## काबिलियत को दुनिया ने किया सलाम

पद्मिनी की दो और बहनें थीं, रागिनी और ललिता. तीनों को 'ट्रावनकोर सिस्टर्स' कहा जाता था। उनकी काबिलियत को दुनिया ने सलाम किया। पद्मिनी का फिल्मी कॅरियर लगभग 30 साल रहा है। उन्होंने हिंदी से लेकर तमिल, कन्नड़ और तेलुगु भाषा समेत 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।



## शोमैन राज कपूर के साथ हिट रही फिल्में

वह जिस देश में गंगा बहती है, अफसाना, चंदा और बिजली, रागिनी, अमरदीप, राजतिलक, मेरा नाम जोकर, आशिक, भाई-बहन, दर्द का रिश्ता, मस्ताना, परदेसी जैसी कई फिल्में कीं। उन्होंने राज कपूर, एम. जी रामचंद्रन, शिवाजी गणेशन, राजकुमार, प्रेम नासिर, एनटी रामा राव, सत्यन, देवानंद और शम्मी कपूर जैसे मशहूर अभिनेताओं के साथ काम किया। दर्शकों ने उनकी जोड़ी को शोमैन राज कपूर के साथ काफी पसंद किया।

## एक्टिंग के बाद निर्देशन से लोकसभा तक का सफर

साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म मोहब्बत का पैगाम के जरिए उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। अभिनय और निर्देशन के अलावा, पद्मिनी ने राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी किस्मत आजमाई। साल 1966 और 1971 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ा था।

# खुद से प्यार करना अच्छा


मुंबई। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई एक्टर्स हैं, जिन्होंने अपने जीवन में अब तक शादी नहीं की है, उसी कड़ी में दिग्गज अभिनेत्री दिव्या दत्ता का भी नाम आता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने पर्सनल और प्रोफेशन लाइफ के बारे में बात की है, जिसमें उन्होंने खुद के सिंगल रहने को लेकर भी विचार प्रकट किए हैं। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने हाल ही में हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं। बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से अभी तक शादी ना करने के पीछे का कारण पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने बताया, 'मुझे लगता है कि जब तक आपको आपके मन का पार्टनर ना मिले, तब तक शादी नहीं करनी चाहिए। गलत व्यक्ति से शादी करने से बेहतर है आप खुद का ख्याल स्वयं रखें। मुझ पर बहुत से पुरुष आकर्षित होते हैं, लेकिन रिश्ता तब बनता है, जब आप किसी से दिल से जुड़ते हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं शादी नहीं करना चाहती, लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं यात्रा कर सकूं। अगर नहीं, तो भी मैं खुश हूं।





# प्रियंका ने शेयर की बचपन की तस्वीर

मुंबई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने निजी जीवन से जुड़े पलों को साझा करती रहती हैं। अभिनेत्री के पिता डॉ. अशोक चोपड़ा का 10 जून 2013 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। बीते मंगलवार को एक्ट्रेस के पिता की 12वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर अभिनेत्री ने अपने पिता को याद करते हुए देर रात एक तस्वीर शेयर की है, जो दिल को छू लेने वाली है। साझा किए गए पोस्ट में अभिनेत्री ने अपने बचपन की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वो पिता के साथ दिख रही हैं। उन्हें याद करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'मैं आपको हर दिन याद करती हूं, पापा।' इस तस्वीर में वो पिता संग किसी बर्फीली जगह पर छुट्टियों को एंजाय करती दिख रही हैं। प्रियंका अपने पिता के निधन के कुछ दिनों बाद ही काम पर वापस लौट आई थीं।



# हर कोई मुस्कुराता है एक ही भाषा में

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने बुधवार को एक खास तस्वीर शेयर की है, जो कि एक फ्लाइट के दौरान की है। इस सफर पर उनके साथ फिल्म कुबेर की स्टार कास्ट नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी नजर आए। इस खास तस्वीर को अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, हर कोई एक ही भाषा में मुस्कुराता है। हैदराबाद से मुंबई तक की यह उड़ान कितनी शानदार थी! एक बहुत ही प्रतिभाशाली मिस रश्मिका मंदाना और मेरे सबसे प्यारे दोस्त #नागार्जुन ने अपने प्राकृतिक आकर्षण और खुद के होने से सफर को सुंदर बना दिया- खुश और वास्तविक!

# क्रोएशिया में एक लड़की पर भड़कीं शिल्पा शेट्टी

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी इस समय क्रोएशिया में अपने पति और परिवार के साथ मौजूद हैं। हालांकि, एक्ट्रेस अपने जन्मदिन के सिलसिले से वहां एंजाय करने पहुंची थीं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री और उनका परिवार एक विदेशी लड़की से लड़ रहा है। बताया गया कि ये वीडियो क्रोएशिया के हावर आईलैंड का है। वीडियो में कुछ कहासुनी होती दिख रही है और वहां लोगों की भीड़ भी जमा है।



शिल्पा और उनका परिवार एक युवा विदेशी लड़की से बहस कर रहे हैं। इसके साथ ही पोस्ट में बताया गया कि यह घटना 9 जून की है, जिसमें एक विदेशी लड़की ने शिल्पा और उनके परिवार से धीरे आवाज में बात करने को कहा। इसपर एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि वो लड़की अपनी आवाज कम करें। इसके बाद अभिनेत्री के पति नाराज हो गए और विवाद बढ़ गया। हालांकि, वीडियो में अभिनेत्री या उनका परिवार नहीं दिख रहा है, लेकिन इस वीडियो में हंगामे को दिखाया गया है, जिसमें आवाजें सुनाई दे रही हैं।

## टीवी मसाला



# द ट्रेटर्स शो में हर चेहरा शक के घेरे में!

नई दिल्ली। सोचिए अगर आपके साथ 20 लोग हों और आपमें से ही 3 लोग चुपके से आपके खिलाफ साजिश कर रहे हों! आप किस पर भरोसा करेंगे? और किसे शक की नजर से देखेंगे? ऐसी ही सस्पेंस से भरी कहानी लेकर आ रहा है करण जौहर का नया रियलिटी शो द ट्रेटर्स, जो 12 जून से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रहा है। ये शो केवल ड्रामा नहीं, बल्कि दिमागी खेल, धोखा और एंटरटेनमेंट का जबरदस्त मिक्स है। इस शो की पहली खासियत है इसका स्टार कास्ट! यहां आपको करण कुंद्रा, जन्नत जुबैर, अंशुला कपूर, रफ्तार, जैस्मिन भसीन और सुधांशु पांडे जैसे 20 चर्चित नाम एक साथ नजर आएंगे। टीवी, फिल्म और सोशल मीडिया से जुड़े ये सितारे, हर एपिसोड में नए ट्विस्ट और इमोशन्स का डोज देने वाले हैं। जब शो में उर्फी जावेद और अपूर्वा मखीजा जैसे नाम हों, तो विवाद होना तय है। ट्रेलर में ही दिख गया है कि ये दोनों सबसे पहले शक के घेरे में आ जाते हैं। द ट्रेटर्स का कांसेप्ट भारतीय टीवी पर अब तक का सबसे अलग और इनोवेटिव है। ये न तो रोडीज है, न बिग बॉस और न ही खतरों के खिलाड़ी. इसमें दिमाग, भरोसा, गेमप्ले और माइंड गेम्स सब कुछ है। लोगों के लिए ये एक फ्रेश ब्रीज साबित हो सकता है। करण जौहर के नाम से ही समझ आ जाता है कि शो में ग्लैमर और ड्रामा दोनों का तड़का मिलेगा. सेलेब्स के बीच होने वाली लड़ाइयां, दोस्ती और धोखा - सब कुछ आपको रोज टीवी से बांधे रखेगा।

## अगले महीने आपके घर आ रहे हैं मिहिर-तुलसी

नई दिल्ली। एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी की दुनिया पर राज किया था। ये साल 2000 से 2008 तक टेलीकास्ट हुआ था। इसके 1,833 एपिसोड आए थे। अब इसका दूसरा सीजन आ रहा है। शो 3 जुलाई को वापसी कर सकता है। इस शो का प्रीमियर ठीक इसी दिन 2000 में स्टार प्लस पर हुआ था। यानी 25 साल पहले। ये भी बताया जा रहा है कि निर्माता एकता कपूर के पिता जीतेंद्र इस शो के सीक्वल में नजर आएंगे। स्मृति ईरानी इस शो में फिर से तुलसी विरानी बनेंगी। उन्होंने कथित तौर पर कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। रिपोर्ट्स का कहना है कि दूसरे सीजन में लगभग 150 एपिसोड होंगे और इसकी क्लासिक कहानी को नए विजन के साथ परोसा जाएगा।



## 13 साल बाद आ रहे हैं भारत

लॉस एंजिल्स। पॉप म्यूजिक की दुनिया के दिग्गज सितारे स्पैनिश सिंगर एनरिक इग्लेसियस करीब 13 साल बाद भारत में एक बार फिर से परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। इंटरनैशनल पॉप सिंगर मुंबई में अपने फैन्स के बीच एक बार फिर से जल्द ही हाजिर होने जा रहे हैं। इसी बीच एनरिक का एक पुराना स्टेज शो का वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है, जिसे देखकर लोगों को उदित नारायण की याद आ गई है। बताया जा रहा है कि पॉप सिंगर 13 साल बाद मुंबई में इसी साल 30 अक्टूबर को परफॉर्म करने के लिए पहुंच रहे हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019. (RO-074)

### शिक्षाकर्मी

आवश्यकता है- हाईस्कूल गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान ,अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षको की आवश्यकता है संपर्क - शहीद वीर नारायण सिंह उ.मा. विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम भिलाई मो. न. - 9301155109, 9893258083 (आरो न 769)

### हेल्पर

आवश्यकता है- 2 - मोमोस हेल्पर की आवश्यकता है। वेतन 6000/- प्रति माह + रहना खाना फ्री । समय- सुबह 9:00 बजे से काउंटर बंद होने तक संपर्क करें- चाहापानी अमृत तुल्य रायपुरा चौक रायपुर (छत्तीसगढ़) मो. 7898966800. (RO-6891)

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा, 94242-25533. (RO-06)

### सेल्समैन

आवश्यकता है- शेशांक मसाला मे सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। मो. 9993453132 (आरो - 3875)

### प्रचार प्रतिनिधि

आवश्यकता है
अजय माला प्रकाशन में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं दु व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह 10,000 रू.
प्रतिदिन रहना-खाना 300 रू.
तथा पेट्रोल अलग से दिया जायेगा
दिनाँक-12 एवं 13 जून, 2025
समय-11 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें
रायपुर
अजय प्रकाशन, सुर्या अपार्टमेन्ट के पीछे, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू में, सिविल लाइन, रायपुर 8085130037, 7415223049
दुर्ग
होटल पारख पैलेस, ग्रीन चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, दुर्ग 7978852526, 9165758842
धमतरी
होटल इम्पेरीयल, गुरुनानक कॉम्पलैक्स, सिहावा चौक, धमतरी 7694064078, 7804934421
राजनांदगाँव
होटल इन्द्रलोक, रेल्वे स्टेशन रोड, राजनांदगाँव 9753406175, 7647029011
बिलासपुर
पंचशील लॉज, गाँधी चौक, बिलासपुर 7974590595, 9302606010
रायगढ़
शिवम होटल, राम निवास टॉकीज रोड, मातेश्वरी मार्बल के सामने, रायगढ़ 9753673173, 7898204950
कुनकुरी
गीतांजली लॉज, बस स्टेण्ड के पास, पतंजली स्टोर के बाजू, कुनकुरी 9644868192, 8602912503
जगदलपुर
होटल पंकज पैलेस, मेन रोड, कोतवाली के पास, जगदलपुर 7974251865, 9165600917
कवर्धा
होटल सपना, घोठिया रोड, रायपुर नाका के पास, कवर्धा (कबीरधाम) 7987977282, 9713369186

### थेरेपिस्ट

आवश्यकता है- क्लिनिक में कार्य करने के लिए 1.पंचकर्म थेरेपिस्ट 2. 10 वीं पास युवक संपर्क- माधवबाग क्लिनिक, रायपुरा, रायपुर 8770484939, 9425577139.(RO-6892)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान मे कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार - आशीष शुभम मेडिकोज ,41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार ,राजबंधा मैदान ,रायपुर फोन 8103981038.(RO-A)

### कुक/ड्रायवर

आवश्यकता है- घर में खाना बनाने के लिए अनुभवी युवती एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है । रहने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- 9425207767, 9340109282 (RO-6889)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- सर्जिकल ऑफिस में सामान छोड़ने, लाने हेतु लड़को की तथा सामान रेडी करने व अन्य कार्यों के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता, 10वी, 12वी, लड़कों के लिए, स्वयं की बाईक अनिवार्य। संपर्क:- रामा मेडिटेक, गीतांजलि नगर, हाउस नंबर- 15/A, रायपुर, 7089933233.(RO-997)

### प्रिंटिंग कार्य

आवश्यकता है- स्क्रीन प्रिंटिंग कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है.चंगोराभाटा मे रहने वाले और जिनको two wheeler चलाना आता हो उन्हें प्राथमिकता! कार्य समय सुबह 10.30 से 7 संपर्क : 9826160247, 9039691315. (RO-pra ad)

### सफाई/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- साफ-सफाई व ऑफिस कार्य के लिए लड़के व लड़की की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। संपर्क करें:- आकाश गंगा सुपेला, भिलाई। मो. 9827806026, 7000138049.(आरो नं.-7186)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर/गार्ड

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (हैवी लाइसेंस) और लेडी कंडक्टर एवम सुरक्षा गार्ड की शीघ्र आवश्यकता है। शिवोम विद्यापीठ, सांकरा, मो.- 9109126445. (RO-05)

### ड्रायवर/चौकीदार

आवश्यकता है- ड्राइवर, चौकीदार की आवश्यकता है परिवार सहित रहने की सुविधा है फुलझड़ टेडेसरा में एवं मालवीय नगर दुर्ग में स्टॉक रजिस्टर मेनटेन करने के लिए अकाउंटेंट की आवश्यकता है। संपर्क - 97705-78172, 97700-54318. (आरो नं.-1596)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- 24x 7 काम वाली की जरूरत है। घर के सभी कामों में माहिर (झाड़ू, पोछा, बर्तन, कपड़े, खाना बनाना) खाना-पीना और रहना हमारे खर्चे पर स्थानः रायपुर, ईमानदार और काम में निपुण महिला की आवश्यकता है। सम्पर्क करें:-91 99932 72121.(RO-998)

### कॉलिंग/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता योग्यता 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सैलरी 7,000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 15,000 से 20,000/ पता:- संतोषी नगर पेट्रोल पम्प के पास रायपुर 8962358129.(RO-105)

### पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-109)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### ड्रायवर

आवश्यकता है- कबीरनगर, रायपुर, स्कूली बच्चों को सुबह 7 बजे लाने और 3 बजे ले जाने हेतु ई रिक्शा चालक की आवश्यकता है। सैलरी योग्यतानुसार। सम्पर्क- 9826188395, 9926213846.(RO-om)

### अन्य

आवश्यकता है- छत्तीसगढ के सभी जिला व ग्रामीण क्षेत्र से अनुभवी व फ्रेसर Candidate की 10 वीं -12 वी पास एयरपोर्ट जॉब,ग्राउन्ड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्रायवर, सुपरवाइजर, वेतन-26500/- से 55000/- रहना+खाना फ्री आवेदन करने के लिए कॉल करें 08920930586. (RO-948)

## Education शिक्षण

प्रशिक्षण- यूनिवर्सिटी के द्वारा करवाये जाने वाले एक वर्षीय फिजियोथैरेपी स्किल सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश हेतु संपर्क करें , जॉब प्लेसमेंट् की सुविधा अवस्थी फिजियोथैरेपी सेंटर 9893126125.(RO-5009)

## Business व्यापार

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603. (RO-080)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### कृषि भूमि

बेचना है-डबल रोड 01.50 एकड़ कृषि भूमि नवा रायपुर, केन्द्री में। नहर रोड व धरसा रोड पर 150' एवं 400' फ्रंट @ 85 लाख/एकड़। लेवाल ही संपर्क करें - 7987504355, 7477202779. (RO-A)

## For Rent किराया

किराये से चाहिए - 3BHK का independent मकान जो कि पूरा ग्राउंड फ्लोर पर हो छोटी फैमिली के लिए किराए पर चाहिए । अमलीडीह, भाटागांव, रायपुरा,राजेंद्रनगर, रायपुर में । संपर्क -गगनदीप सिंह 7347767778. (RO-A)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल लोन, बिजनेस लोन, प्रॉपर्टी लोन, लेबर कार्ड लोन, इश्रम कार्ड लोन, मार्कशीट, कृषि पर 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइलः - 9211540121. (RO-111)

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460. (RO-947)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## आवश्यक सूचना

[illegible]



# 'राज्य अंतर-धार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर आपत्ति नहीं कर सकता'

## सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद व्यक्ति को दी जमानत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उस व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे दूसरे धर्म की महिला से विवाह करने के बाद उत्तराखंड पुलिस ने धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि विवाह उनके संबंधित परिवारों की सहमति से हुआ था, इसलिए अपीलकर्ता को जमानत देने पर राज्य की आपत्ति अस्वीकार्य थी। खंडपीठ ने कहा कि राज्य अंतर-धार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर आपत्ति नहीं कर सकता, क्योंकि उनके विवाह को दोनों परिवारों की सहमति प्राप्त थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बीवी नागरत्ना और एससी शर्मा की पीठ अमन सिद्दीकी नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



अपीलकर्ता के अंतरधार्मिक विवाह के तुरंत बाद उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 2018 (यूएफआरए) के तहत कुछ व्यक्तियों और संगठनों द्वारा आरोप लगाया गया था कि अपीलकर्ता ने अवैध रूप से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया या उसे अंजाम दिया। इसके बाद, अपीलकर्ता के खिलाफ उत्तराखंड धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम, 2018 की धारा 3 और 5, और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318 (4) और 319 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी हुई और वह पिछले छह महीनों से हिरासत में है।

### 'यह बेहद गंभीर मामला है'

न्यायालय ने विवादित निर्णय को निरस्त करते हुए कहा कि चूंकि अपीलकर्ता और उसकी पत्नी शांतिपूर्वक एक साथ रह रहे थे (उनके माता-पिता ने उनके विवाह को मंजूरी दे दी थी), इसलिए विवाह के बाद व्यक्तियों और संगठनों की ओर से बाहरी दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि हम देखते हैं कि प्रतिवादी-राज्य को अपीलकर्ता और उसकी पत्नी के साथ रहने पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती है, क्योंकि उन्होंने अपने-अपने माता-पिता और परिवारों की इच्छा के अनुसार विवाह किया है। इन परिस्थितियों में, हम पाते हैं कि यह एक उचित मामला है, जिसमें अपीलकर्ता को जमानत की राहत दी जानी चाहिए।

## जैकेट के शेष

### उद्योगों के लिए .....

लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम में संशोधन कर दिया गया है।

### कौन सा काम ....

लिए प्रस्तुत करने पर अब 10 दिनों का कार्य दिवस होगा, लेकिन पहले 21 दिनों में लीड डीड का निष्पादन होता था।

### सोनम ने कबूला ...

मिलकर उनकी हत्या की साजिश में शामिल थी। दोनों ने योजना को अंजाम देने के लिए तीन हत्यारों को काम पर रखा था। राजा रघुवंशी (29) और उनकी पत्नी सोनम की शादी 11 मई को यहीं हुई थी। वे 23 मई को मेघालय में अपने हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। राजा रघुवंशी का शव 2 जून को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में एक झरने के पास (गहरी खाई) में मिला था।

### सोनम को शिलांग ....

बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी।

### राजा की मां से ....

आरोप को लेकर गोविंद ने कहा कि यदि वह दोषी है तो उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने राज के साथ सोनम के प्रेम संबंध या इसकी जानकारी होने से इनकार किया। सोनम और राजा के शिलॉन्ग में लापता होने के बाद गोविंद राजा के भाई विपिन के साथ मेघालय गए थे।

### देवास के जितेंद्र ...

संचालित करते हैं। राज कुशवाह ही सोनम रघुवंशी के बिजनेस से संबंधित हर काम देखता था। वो ही रुपयों का लेन-देन भी करता था। इसी को लेकर सोनम और राज के बीच लगातार बात होती रहती थी। आशंका है कि इसी में से 50 हजार रु. राज कुशवाह ने अपने साथियों को दिए थे, जिसके बाद वो ट्रेन से शिलांग पहुंचे थे।

### पीएम मोदी 11 .....

गई। कई देशों को दवाई कोरोना के समय संजीवनी के रूप में दी, कई देशों ने पीएम मोदी को हनुमान का दर्जा दिया है। ये 140 करोड़ देशवासियों के लिए गौरव की बात है। भारत किसी को छेड़ता नहीं और कोई छेड़ता है, तो उसे छोड़ता नहीं, ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि शासकीय दफ्तरों में फाइव डे वर्किंग को बदलने पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, संकल्प से सिद्धि तक हमारे देश के पीएम के 11 साल पूरे होने पर हो रहा है। उन्होंने कहा, भारत सफलता के साथ उभर रहा है। चाहे जम्मू-कश्मीर का मामला हो, महिला सशक्तिकरण की बात हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित में कई फैसले लिए लिए हैं। विष्णु देव साय ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ आपरेशन में पीएम मोदी का आशीर्वाद रहा है, जिसके कारण कई बड़े नक्सली लीडर ढेर हो गए हैं। भ्रष्टाचार को लेकर सभी रास्ते बंद किए जा चुके हैं। पीएम ने वादा था कि सीजीपीएससी में युवाओं के साथ हुए छल पर कार्रवाई होगी, बड़ी कार्रवाई हो रही है।

**छत्तीसगढ़ में लगभग 77प्रतिशत नक्सली** : मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी माना कि देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जितने नक्सली हैं, उनमें से छत्तीसगढ़ में लगभग 77 प्रतिशत नक्सली हैं। 23 प्रतिशत नक्सली पड़ोसी राज्यों में हैं, जिनमें ओडिशा, झारखंड, आंध्र, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 पूरे देश के लिए दी गई है, लेकिन सबसे ज्यादा नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में है। इसको समाप्त करने का बीड़ा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उठाया है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद बस्तर स्वर्ग हो जाएगा।

**5 डे वर्किंग पर किया जाएगा विचार** : वहीं छत्तीसगढ़ के दफ्तरों में सप्ताह में 5 दिनों के कार्यकाल को लेकर उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में इस पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस बात पर आप लोगों ने भी चिंता जताई है, इसके लिए उन्होंने मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी मुझे बोल रहे हैं कि 5 दिनों के काम करने में मजा नहीं आ रहा है। 2 दिन छुट्टी में समय काटना मुश्किल हो रहा है। मीडिया ने भी हमें ताकत दी है, इस पर विचार किया जाएगा।

**31 सौ से कम में धान की खरीदी नहीं** : सीएम साय ने धान खरीदी का समर्थन मूल्य बढ़ने के साथ धान खरीदी की कीमत 3100 रुपए से बढ़ाने के सवाल पर कहा, धान खरीदी के लिए हमने प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपए में खरीदने का वादा किया था, उससे कम मं इसकी खरीदी नहीं होगी।

### 26 करोड़ की जीएसटी ....

कारोबारी ने जिन फर्मों के माध्यम से माल खरीदी-बिक्री करना दर्शाया है, उक्त फर्म फर्जी पाए गए। अमन अग्रवाल आयरन स्क्रैप, लोहे का कारोबार करता है। अमन अग्रवाल अगस्त्य इंटरप्राइजेज और अग्रवाल इंटरप्राइजेस का संचालक है। कारोबारी के खिलाफ जीएसटी के सेक्शन 69, 132 बी के तहत कार्रवाई की गई है।

### युक्तियुक्तकरण में थोक ...

के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी जिला स्तरीय समिति के समक्ष याचिकाकर्ता शिक्षकों को अभ्यावेदन पेश करने का निर्देश दिया है। ध्यान रहे कि दायर याचिका में शिक्षकों का आरोप है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ है।

### मर्ज होने के बाद हेड ....

शासन अपना सेटअप तय करता है, जिसमें स्वीकृत पदों का विवरण होता है। अभी जारी आदेश के अनुसार प्रायमरी स्कूल, मिडिल स्कूल में मर्ज हो रहे हैं तो प्रायमरी का प्रधान पाठक अब सहायक शिक्षक बन जाएगा। इसी तरह जिन स्थानों पर हायर सेकेंडरी के साथ ही मिडिल स्कूल भी है तो मर्ज होने के बाद वहां हेड मास्टर फिर से शिक्षक बन जाएंगे। इन सब बातों को लेकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी व दुर्ग के 34 शिक्षकों ने हाईकोर्ट की शरण ली है।

### संशोधन किए बिना ....

अनुसार इसी हाईकोर्ट में चल रहे एक मामले में शासन ने सुनवाई में कहा था कि हेड मास्टर का पद एक प्रशासकीय पद है इसलिए उसे शिक्षक नहीं बनाया जा सकता। यह भी बताया गया है कि, संविधान के आर्टिकल 309 के तहत राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शिक्षक व प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती व पदोन्नति नियम 2019 में पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। इसमें संशोधन किए बिना ही काउंसिलिंग कराई जा रही है।

## पेज एक के शेष

### इनकी तैनाती नक्सल...

एम्ब्रोस कुजूर, सुशील मलिक, कुंज बिहारी नागे शामिल हैं। तीन डीएसपी को दंतेवाड़ा के नक्सल क्षेत्र में ड्यूटी पर लगाया गया है, उनमें बृजेश कुमार तिवारी, तूल सिंह पट्टावी और कमलेश्वर कुमार भगत शामिल हैं। कांकेर क्षेत्र में तीन डीएसपी की पदस्थापना की गई है, उनमें सुरेश कुमार भगत, ओमप्रकाश कुजूर और नोहर लाल मंडावी को भेजा गया है।

### अमेरिकी कोर्ट का...

फैसले को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है, जिससे ये टैरिफ तब तक लागू रहेंगे जब तक कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट जुलाई से पहले हस्तक्षेप नहीं करती। न्यूयॉर्क स्थित वाइन आयातकर्ता वीओएस सेलेक्शन जैसे कंपनियों ने इन टैरिफ्स को चुनौती दी थी, यह कहते हुए कि इससे उनकी लागत बढ़ेगी और संभवतः दिवालियापन का खतरा होगा. डेमोक्रेट-नेतृत्व वाले राज्यों के समूह ने भी मुकदमे दायर किए थे, जिसमें टैरिफ्स को असंवैधानिक और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक बताया गया था।

### दिग्विजय के अनुज लक्ष्मण...

समिति संतुष्ट नहीं थी। लिहाजा, समिति की सिफारिश पर लक्ष्मण सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर अनुशासन समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने यह आदेश जारी किया। लक्ष्मण कांग्रेस के सांसद और विधायक रहे हैं। कमलनाथ के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में जब उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज कर उनके भतीजे को मंत्री बना दिया गया तो वे अपने भाई दिग्विजय से भी नाराज हो गए थे। लक्ष्मण सिंह ने 24 अप्रैल को राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं। इसलिए कांग्रेस को उनसे समर्थन वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने राहुल के जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 'ये हमारा रॉबर्ट वाड्रा, राहुल गांधी का जीजा कहता है कि मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया। इन दोनों का ये बचपना हम कब तक झेलेंगे। राहुल गांधी भी थोड़ा सोच समझकर बात करें। इनकी नादानियों की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।'

### दुष्कर्म के आरोप में घिरे...

और यह दुराचार का गंभीर आरोप है। यह हैरान करने वाला है। बेटी ने आरोप लगाया है। उसे जीवनभर के लिए आघात पहुंचा होगा। यह मामला कैसे रद्द हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाई कोर्ट के उस आदेश को भी बरकरार रखा, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने को सही ठहराया गया था। हाई कोर्ट का यह आदेश 15 अप्रैल 2025 को आया था। बेंच इस दलील पर सहमत नहीं हुई कि पूर्व जज की पत्नी लंबे समय से उनसे अलग रह रही हैं और वैवाहिक विवाद के कारण उन्हें फंसाया गया है और शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से कथित रूप से परेशान किए जाने के बाद उनके पिता ने आत्महत्या की थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया। जस्टिस मनमोहन ने टिप्पणी की, हम इस सब में नहीं पड़ना चाहते।

आत्महत्या बेटे (पूर्व जज) के कृत्यों के कारण हो सकती है। पूर्व जज के वकील ने कहा, इस व्यक्ति का पूरा जीवन बर्बाद हो गया। सब कुछ वैवाहिक विवाद से शुरू हुआ। उनके पिता ने आत्महत्या की। शिकायत काफी समय बाद दर्ज की गई और पहले किसी कानूनी प्रक्रिया में इस बारे में कोई बात नहीं की गई थी। हालांकि, बेंच ने गौर किया कि आरोप बेहद गंभीर हैं और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज है। इस आधार पर बेंच ने उनके खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया। **याचिकाकर्ता की दलील** : याचिका में दावा किया गया था कि शिकायत दुर्भावना से प्रेरित है और प्राथमिकी चार साल बाद दर्ज की गई, जब बच्चे की हिरासत और वैवाहिक विवाद अदालत में लंबित था। साथ ही कहा गया कि पॉक्सो कानून के तहत जो धाराएं लगाई गई हैं, उसके लिए जरूरी तथ्यों की पुष्टि नहीं हुई है।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: सूचना पत्र ::**

क्रमांक/ Q/ रा.नि./ 2025

भखारा, दिनांक 11.06.2025

**प्रति,**

1.तोरन सिंह पिता स्व. रामअवतार साहू, 2.सुमरित बेवा बल्दू, 3.टिकेश कुमार पिता तुपेन्द्र, 4.रूपम सिंह पिता रामकुमार, 5.मूलचंद पिता लखन साहू, 6.दीवाकर, पंकज पिता देवराज भखारा, 7.हेमनारायण, श्याम सिंह पिता जुगराज सिंह भखारा

**विषयः-** सीमांकन जांच निरीक्षण करने बाबत्।

**संदर्भः-** न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी के आदेशित दिनांक 09.12.2024 के आदेशानुसार।

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरन सिंह पिता रामअवतार जाति तेली निवासी ग्राम थुहा कास्तकार ग्राम कोलियारी प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 62 रकबा 0.22 हे. का सीमांकन जांच निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 17.06.2025 समय 11:00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेगें।

**राजस्व निरीक्षक, भखारा**



BAJAJ Allianz
Caringly yours

# हम रखते हैं आपका ख़्याल

**बजाज आलियांज़ जनरल इन्श्योरेंस** ने आयोजित किया है

## ग्राहक दिवस

**शुक्रवार, १३ जून, २०२५** को, अपने **हेल्थ इन्श्योरेंस क्लेम्स** से संबंधित सवालों के हल देने के लिए।

**समय:** सुबह १०:०० से शाम ०४:००

**पता:** बजाज आलियांज़ जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय मंज़िल, शिव मोहन भवन, होटल लैंडमार्क के सामने, विधानसभा रोड, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ - ४९२००१

बजाज आलियांज़ जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड, बजाज आलियांज़ हाउस, एयरपोर्ट रोड, यरवडा, पुणे - 411006. IRDAI पंजीकरण नंबर: 113. CIN: 66010PN2000PLC015329 वेब: www.bajajallianz.com | BJAZ-S-0214/04-06-25



**Home First Finance Company India Limited**
homefirst We'll take you home
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

**चूंकि,** नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है :

| क्र. सं. | ऋणधारकों/ सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राम चावड़ा, धनलक्ष्मी चावड़ा | मकान-खाता क्र. 10, लक्ष्मी कुंज, खाता क्र.1042, भाग 03, ख. नं. 63/8, प.ह.नं. 107/37, मौजा-गुढ़ियारी, शिवानंद नगर, नेता जी कन्हैयालाल बंजारी वार्ड क्र. 08, रा.नि.मं./तहसील/ जिला-रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492011 चौहद्दी: उत्तर-एम.एम. मलिक का मकान, दक्षिण-प्रवीण देसाई का मकान, पूर्व-सड़क, पश्चिम-यादव का मकान। | 05-04-2025 | 5,65,478 | 09-06-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

**ऋणधारकों/जमानतदारों** और **आम जनता** को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, **जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

स्थान: रायपुर
दिनांक: 12-06-2025

प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड**
NMDC STEEL
(एक सरकारी उद्यम)
पोस्ट – नगरनार (बस्तर) सी.जी. पिन 494001
जीएसटीआईएनः 22AAFCN3661C1ZX
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) – U27310CT2015GO1001618

**एनएसएल, नगरनार से समझौता ज्ञापन के तहत कच्चे तारकोल की बिक्री के लिए विज्ञापन**

एनएसएल इंड/इंडस्ट्रीयल यूजर्स से समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से दीर्घकालिक आधार पर जुलाई 2025 से मार्च 2026 की अवधि के लिए "जैसा है जहां है और कोई शिकायत नहीं" के आधार पर कच्चे तारकोल की बिक्री के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक इंड यूजर्स, एनएसएल, नगरनार के साथ कच्चे तार की न्यूनतम 500 एमटी प्रति माह क्रय के लिए समझौता ज्ञापन हेतु अपने लेटर हेड पर आवश्यक मात्रा के साथ अनुरोध भेज सकते हैं जिसे वे समझौता ज्ञापन के तहत क्रय करने के इच्छुक हैं। ऐसे इच्छुक क्रेता अपना अनुरोध कंपनी के लेटर हेड पर महाप्रबंधक (वाणिज्य), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड नगरनार, जिलाः बस्तर, छत्तीसगढ़ – 494001 को भेज सकते हैं अथवा प्रस्ताव ईमेल के माध्यम से भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं: श्री सतीश कुमार, महाप्रबंधक (वाणिज्य) ई-मेलः satishkumar@nmdc.co.in आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः 23.06.2025. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, इच्छुक पार्टीयों को हमारी वेबसाइट https://nmdcsteel.nmdc.co.in/ पर देखने की सलाह दी जाती है।

महाप्रबंधक (वाणिज्य)
एनएमडीसी स्टील लिमिटेड



**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्र.381/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 गुरूर, दिनांक 10/06/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | कार्य की कुल संख्या 09 नग | 47.91 | 23/06/2025 |

**टीपः-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, गुरूर**



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**GANGA PUMP CANAL DIVISION, SAHIBGANJ**

**e- Procurement Tender Notice, (1st Call)**

**e-Tender Reference no.- WRD/GPCDIV/SBG/SBD/01/2025-26, Dated :10.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Department | WATER RESOURCES DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND |
| 2 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Ganga Pump Canal Division, Sahibganj |
| 3 | Name of Work | Anti Erosion work on the right bank of river Ganga near N.H.-80 at Balapokhar Maskalaiya of Taljhari block under district Sahibganj in most vulnerable stretch of 633 meter with construction of 10 nos of Stud of 18m length each @ 60M C/C with 12m Launching Appron with Edge Creting work in 120 meter length.] (Lat-25°9'25.41"N, Long-87°45'33.03"E) |
| 4 | Estimated Cost of BOQ | **489.693 lakh.** |
| 5 | Time of Completion | 300 Days |
| 6 | Cost of BOQ (Tender Fee) | Rs. 10,000.00 |
| 7 | Earnest Money required | **4.90 lakh.** |
| 8 | Date of Publication of Tender on website | 18/06/2025 |
| 9 | Bid downloading period | 19/06/2025 to 28/06/2025 |
| 10 | Last date / Time for receipt of bids online | 28/06/2025 up to 05:00 pm |
| 11 | Date and Time of Opening of Tender | 01/07/2025 at 01:00 PM |
| 12 | Contact no. of Procurement officer | 7677240428 |

Note: Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

(13) Only E tender will be accepted. Estimated cost may be changed. Earnest money will be applicable as per estimated cost.


(14) Tender Fee & Earnest money will be accepted only in online mode in accordance to letter no. 120 dated 03.10.2023 of Ministry of Electronics and IT dept. Govt. of Jharkhand and Letter no. 907 dated 04.10.2023 of WRD Jharkhand.

(15) Additional Performance Security will be applicable for the bid rate more than 10% below of cost of BOQ acceptable in guidance of letter no 430 dated 19.11.2020 of C.E (Monitoring) WRD Jharkhand.

Executive Engineer
Ganga Pump Canal Division, Sahibganj

PR 354652 District(25-26)#D


## शब्द पहेली - 5895



**बाएँ से दाए**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5894 का हल



## सूडोकु नवताल - 5905

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5904 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने की नियुक्ति




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है।

### भारत ने स्विस दवा कंपनियों के उत्पादों की नकल को नकारा



**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय दवा कंपनियों द्वारा स्विस कंपनियों के उत्पादों की नकल करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और कभी भी दूसरों की प्रौद्योगिकी की नकल नहीं करता है यह एक मिथक है जिसे वर्षों से प्रचारित किया जा रहा है।'

### रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 पर बंद हुआ। मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह तथा विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर कमजोर होने के साथ रुपये में तेजी आई। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक बाजार से दूर रहे और लाभ सीमित रहा।

# सेबी 1 अक्टूबर से लागू करेगा नया यूपीआई पेमेंट सिस्टम, पैसा होगा सुरक्षित

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए एक नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं।

- वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में होगा सुधार

## सेबी ने नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को बनाया अनिवार्य

### क्यूआर कोड स्कैन हो पाएगा

यह नया साधन क्यूआर कोड स्कैन कर या यूपीआई आईडी दर्ज करके और पंजीकृत मध्यस्थ के खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड जैसे बैंक विवरणों की पुष्टि करके यूपीआई पहचान की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सक्षम करेगा। सेबी ने जनवरी में इस संबंध में एक परामर्श पत्र जारी किया था। उस पर आए सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।







### पंजीकृत बिचौलियों के लिए अनिवार्य होगा

इन्हीं को ध्यान में रखते हुए सेबी ने यह कदम उठाया है। फर्जी तरीके से पहचान के इस्तेमाल की समस्या से बचने और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए बाजार नियामक ने निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत बिचौलियों के लिए एक नए यूपीआई पता संरचना को अनिवार्य कर दिया है।

### गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने निवेशकों को किया गुमराह

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी। हाल के वर्षों में कई गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने धोखाधड़ी के जरिये निवेशकों को गुमराह किया है।

*सेबी चेक नाम की नई क्षमता विकसित कर रहा*

*पांडेय ने कहा, "यह अभिनव तंत्र सत्यापित और सुरक्षित भुगतान माध्यम देकर प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करने के लिए तैयार है।" निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए बाजार नियामक 'सेबी चेक' नाम की एक नई क्षमता विकसित कर रहा है।*

## नए तापमान मानदंडों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर

# एसी उद्योग तापमान मानकों के अनुपालन के लिए ग्राहकों से नहीं लेगा कोई शुल्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनियां सरकार के नये तापमान मानदंडों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर करेंगी और इसके लिए उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि नहीं चुकानी होगी। एयर कंडीशनर बनाने वाली वोल्टास, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्लू स्टार और हायर जैसी प्रमुख कंपनियों ने इस कदम का स्वागत किया है।

यह कदम न केवल ऊर्जा की बचत करके उद्योग को स्थायी रूप से बढ़ने में मदद करेगा, बल्कि बिजली की खपत को अनुकूलतम बनाएगा। यह गर्मियों में बिजली खपत को कम करेगा और एसी का जीवनकाल भी बढ़ाएगा।

### 28 से ऊपर तापमान ले जाया जा सकेगा

बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा था कि सरकार वाहन और घरों में लगे एसी के तापमान को मानकीकृत करने को लेकर उपकरण विनिर्माताओं तथा राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। इसके तहत इसे 20 डिग्री से कम नहीं किया जा सकेगा और न ही 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ले जाया जा सकेगा।



### कूलिंग की दिशा में स्वागत योग्य कदम

उद्योग को इसके क्रियान्वयन के लिए रिमोट कंट्रोल और इसके डिजाइन और सेटिंग्स में कुछ मामूली संशोधन करने होंगे और इसके क्रियान्वयन के लिए छह महीने तक का समय चाहिए। वोल्टास के मनोनीत प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि कमरे में उपयोग होने वाले एयर कंडीशनर (आरएसी) के तापमान दायरे को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने का निर्णय, स्मार्ट और पर्यावरण अनुकूल 'कूलिंग' की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

### जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कमरों को जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में था। उन्होंने कहा, "उद्योग इसे लागू करने में बहुत सहज है। सवाल यह है कि रिमोट फर्मवेयर (हार्डवेयर उपकरणों में लगा सॉफ्टवेयर) को बदलना होगा और पुराने माल को निर्धारित तिथि पर प्रबंधित करना होगा। यह एक सरल काम है। इसलिए, कोई समस्या नहीं है।'

- सरकार से इस कदम का प्रमुख कंपनियों ने किया स्वागत
- बिजली की खपत कम होगी और एसी की लाइफ बढ़ेगी
- रिमोट कंट्रोल के डिजाइन और सेटिंग्स में संशोधन करने होंगे

### उपकरण फिर से डिजाइन करने होंगे

मंत्री ने कहा, "यह कदम भारत के व्यापक ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।" हालांकि, क्रियान्वयन के लिए विनिर्माताओं को संशोधित तापमान मानकों का अनुपालन करने के लिए उपकरणों को फिर से डिजाइन करना होगा या सॉफ्टवेयर लगाना होगा।

### जेब पर बोझ कम पड़ेगा

सतीश ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए, कम बिजली की खपत का मतलब बिजली की बचत है, जो उनकी जेब पर पड़ने वाले बोझ को कम करेगा। वोल्टास के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रदीप बख्शी ने कहा, "यह लोगों, सरकार और सभी के लिए फायदे वाली स्थिति है। यह सरकार का एक अच्छा कदम है।" एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसे अगले दो से तीन महीनों में हासिल किया जा सकता है।

### सबसे तेजी से बढ़ रहा एसी बाजार

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक 'प्रगतिशील कदम' है और भारत को जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग के लिए प्रतिबद्ध देशों के चुनिंदा समूह में रखता है। भारत में कमरे में लगने वाले एयर कंडीशनर बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। एक अनुमान के अनुसार, इसका बाजार लगभग 1.5 करोड़ इकाइयों का है।

# भविष्य में एआई दूरसंचार नेटवर्क की होगी आधारभूत प्रौद्योगिकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) भविष्य के दूरसंचार नेटवर्क के लिए एक आधारभूत प्रौद्योगिकी के रूप में काम करेगा और एआई-जनित प्रणालियां अनुभूतिपरक अनुभव, स्वायत्त संचालन और एकीकृत संवेदन जैसी नई सेवाओं को सक्षम करेंगी।

दूरसंचार विभाग में सदस्य (प्रौद्योगिकी) संजीव के बिदवई ने बुधवार को कहा कि सी-डॉट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अन्य प्रमुख शोध एवं विकास केंद्र स्वदेशी एआई-संचालित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं।

बिदवई ने कहा, "आईटीयू-आर के दृष्टिपत्र एम.2160 के मुताबिक, भविष्य के नेटवर्क के लिए एआई एक महत्वपूर्ण अंशदाता होगा। इसमें बुद्धिमान रेडियो इंटरफेस प्रबंधन से लेकर व्यक्तिगत सेवा वितरण तक शामिल होंगे। बिदवई ने कहा, "मूल रूप से एआई पर आधारित नेटवर्क न केवल जटिलता का प्रबंधन करेंगे बल्कि नई सेवा सीमाओं, अनुभूतिपरक डिजिटल अनुभवों, स्वायत्त प्रणालियों, एकीकृत संवेदन को मूर्त रूप देंगे। यह विकास केवल प्रौद्योगिकी स्तरीय न होकर रणनीतिक है।"

- एकीकृत संवेदन जैसी नई सेवाओं को सक्षम करेंगी

### भारत दुनिया के सबसे बड़े बाजार में एक

अधिकारी ने यहां दूरसंचार नेटवर्क में एआई की भूमिका पर आयोजित एक बैठक में कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे गतिशील दूरसंचार बाजारों में से एक है, जो एआई जनित समाधानों के लिए समृद्ध और विविध परीक्षण आधार प्रदान करता है।

## यूनियन, केनरा व आईओबी बैंक ने ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर लगने वाले ब्याज दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंकों ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने बयान में कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गयी है। इस कटौती के साथ यूनियन बैंक ने हाल में आरबीआई के रेपो दर में कटौती के अनुरूप ईबीएलआर और आरएलएलआर से जुड़े कर्ज के लिए ब्याज दर में कमी कर दी है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने कहा कि बैंक की संपत्ति देनदारी प्रबंधन समिति की मंगलवार को हुई बैठक में रेपो आधारित कर्ज पर देय ब्याज में 0.5 प्रतिशत की कटौती का निर्णय किया गया है।

## डिजायर को फाइव स्टार रेटिंग पर गडकरी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मारुति सुजुकी इंडिया के लोकप्रिय मॉडल 'डिजायर' के नए अवतार को फाइव स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग हासिल करने पर बधाई दी है।

गडकरी के मार्गदर्शन में ही 2023 में वाहनों की सुरक्षा रेटिंग निर्धारित करने की स्वदेशी प्रणाली 'भारत एनसीएपी' की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य 3.5 टन तक के मोटर वाहनों के सड़क सुरक्षा मानकों में सुधार करना है। गडकरी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "नई डिजायर को फाइव स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग मिलने के लिए मारुति सुजुकी इंडिया को बधाई। यह मेड-इन-इंडिया कारों के लिए एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। मारुति ने कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर के नए अवतार को नवंबर, 2024 में कई नए बदलावों के साथ पेश किया था।

## वोडाफोन-आइडिया ने बेंगलुरु में शुरू की अपनी 5जी सेवाएं

**बेंगलुरु।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने बुधवार से बेंगलुरु में अपनी 5जी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी बयान के अनुसार, मुंबई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पटना और चंडीगढ़ में हालही में 5जी सेवाएं शुरू करने के बाद इसे यहां भी इसे शुरू किया गया। यह इस साल अगस्त तक सभी प्राथमिकता वाले 17 क्षेत्रों में 5जी सेवाएं शुरू करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। दूरसंचार कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु में वोडाफोन आइडिया के 5जी-सक्षम उपकरण वाले उपयोगकर्ता अब हमारी 5जी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं... 299 रुपये से शुरू होने वाले 'प्लान' पर उपयोगकर्ताओं को असीमित 5जी डेटा उपलब्ध है।





### महाराष्ट्र सरकार
### कार्यालय, कार्यकारी अभियंता
### लोक निर्माण विभाग, चिपलून, जिला-रत्नागिरी

ईमेल:-chiplun.ee@mahapwd.gov.in फोन नं. 02355 252809

**2025-26 के लिए निविदा सूचना संख्या 13**

कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग चिपलून, जिला रत्नागिरी 415 605 द्वारा महाराष्ट्र राज्य के लोक निर्माण विभाग के **उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों** से निम्नलिखित कार्यों के लिए बी-2 फॉर्म में ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम, अनुमानित लागत, बयाना राशि, सुरक्षा जमा, पूरा होने की समय सीमा आदि। विवरण महाराष्ट्र सरकार के ई-टेंडरिंग पोर्टल https//mahatenders.gov.in से सीधे ऑनलाइन देखा और डाउनलोड किया जा सकता है।

| निविदा क्र. संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | कार्य भाग लागत (भाग-ए) (रुपये में) | बोली सुरक्षा (ई.एम.डी.) (रुपये) ऑफ़ लाइन के माध्यम से | टेंडर फॉर्म की कीमत (रुपये में) ऑफलाइन माध्यम से | कार्य पूर्ण होने की अवधि (मानसून सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मंदनगढ़, तालुका मंडनगढ़, जिला रत्नागिरी में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण। | 164320831/- | **163049035** | 822000/- | 3,000/- + जीएसटी | **24 (माह) (मानसून सहित)** |
| 2 | दापोली, तालुका दापोली, जिला रत्नागिरी में उप-विभागीय अधिकारी और तहसील कार्यालय भवन का निर्माण। | 206994253/- | **205600110** | 1035000/- | 3,000/- + जीएसटी | **24 (माह) (मानसून सहित)** |

**अनुसूची**

| क्रम संख्या | चरण | प्रारंभ | | समाप्ति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक | समय | दिनांक | समय |
| 1. | ऑनलाइन बिक्री और बोली दस्तावेजों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अवधि | 12/06/2025 | 10.00 | 20/06/2025 | 18.00 |
| 2. | मुख्य अभियंता, (पी.डब्लू.) क्षेत्र, कोंकण, बांधकम भवन, 25 मुर्जाबन रोड, फोर्ट, मुंबई- 01 के कार्यालय में बोली-पूर्व बैठक। | 16/06/2025 | 15.00 | | |
| 3. | अधीक्षण अभियंता, रत्नागिरी (पी.डब्लू.) सर्कल, रत्नागिरी के कार्यालय में तकनीकी बोली और मूल्य बोली (यदि संभव हो) का ऑनलाइन उद्घाटन | 23/06/2025 | 12.00 | | |

**नोट: बोली दस्तावेज https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं।**

(ए.एम. रामशे)
कार्यकारी अभियंता
लोक निर्माण विभाग, चिपलून

सं. CHD/AB/TC/2607
दिनांक: 09/06/2025

DGIPR 2025-26/1109



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर
1489, राइट टाउन, मानस भवन के पास, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
Ph.: 0761-2480150, Email: armbja@bankofbaroda.co.in

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

परिशिष्ट- IV-A (नियम 6 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें)

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/ वास्तविक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई- नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है :-

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का विवरण उस पर ज्ञात भार यदि कोई हो एवं संपत्ति मालिक का नाम | बकाया राशि | ई- नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | कब्जे का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक) | सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) **मेसर्स एसकेएम बिल्डकॉन पार्टनरशिप फर्म,** रजि. ऑफिस पताः शॉप नं. 28, ग्राउण्ड फ्लोर, डालफिन चेम्बर्स, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) **(ऋणी)**<br>(ii) **श्री सुरेश कुमार मिरघानी पिता शोभा राम मिरघानी,** पताः सी-2, सेक्टर- 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001 **(पार्टनर एवं जमानतदार)**<br>(iii) **श्री रवि मिरघानी पिता सुरेश कुमार मिरघानी,** पताः सी-2, सेक्टर- 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001 **(पार्टनर एवं जमानतदार)**<br>(iv) **श्रीमति समीक्षा मिरघानी पति रवि मिरघानी,** पताः सी-2, सेक्टर- 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001 **(जमानतदार)**<br>(v) **श्रीमति लता मिरघानी पति सुरेश मिरघानी,** पताः सी-2, सेक्टर- 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001 **(जमानतदार)**<br>(vi) **मेसर्स होटल पुनीत पार्टनरशिप फर्म,** रजिस्ट्रर्ड. पताः बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, क्लाथ मार्केट, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)- 492004 **(जमानतदार)** | 1. आवासीय सम्पत्ति एवं मकान निर्मित खसरा नं. 86/108 एरिया- 1500.00 वर्गफुट निर्मित एरिया ग्राउण्ड फ्लोर एरिया 1200.00 वर्गफुट एवं फर्स्ट फ्लोर 1000.00 वर्गफुट स्थित देवपुरी, गौतम विहार के सामने, प.ह.नं. 114/52, रवीन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर, सम्पत्ति स्वामी- श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | रू. **1195.92 लाख** + अनुप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे 28-02-2022 से जो लागू हों | **08-07-2025** दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक | Rs. 3527000/-<br>Rs. 352700/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | **01-07-2025** सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |
| | | 2. आवासीय फ्लैट नं. 701, ब्लॉक-बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया- 1150.00 वर्गफुट, डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित बिल्डिंग डालफिन प्रीमियम प्लाजा में सम्मिलित, दलदल सिवनी, पी.सी. नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर, सम्पत्ति स्वामी- श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 3030000/-<br>Rs. 303000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |
| | | 3. आवासीय फ्लैट नं. 703, ब्लॉक-ए, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया- 1150.00 वर्गफुट, सम्मिलित डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित बिल्डिंग डालफिन प्रीमियम प्लाजा में सम्मिलित, दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर, सम्पत्ति स्वामी- श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 3030000/-<br>Rs. 303000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |
| | | 4. आवासीय फ्लैट नं. 704, ब्लॉक-बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया- 1150.00 वर्गफुट, सम्मिलित डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित बिल्डिंग डालफिन प्रीमियम प्लाजा में सम्मिलित दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर, सम्पत्ति स्वामी- श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 3030000/-<br>Rs. 303000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |
| | | 5. आवासीय सम्पत्ति एवं मकान निर्मित खसरा नं. 50/8, प्लाट नं. 195/2 का भाग, एरिया- 1000.00 वर्गफुट निर्मित एरिया ग्राउण्ड फ्लोर एरिया- 700.00 वर्गफुट एवं फर्स्ट फ्लोर 1000.00 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर- 500.00 वर्गफुट स्थित मौजा- तेलीबंधा, प.ह.नं. 113, वार्ड नं. 43, मदर टेरेसा वार्ड, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) सम्पत्ति स्वामी- श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 4680000/-<br>Rs. 468000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |
| | | 6. आवासीय मकान लीजहोल्ड एरिया- 1500 वर्गफुट, प्लाट नं. डी-14/4 सेक्टर- 4 पर स्थित, प.ह.नं. 109 देवेन्द्र नगर, रायपुर, सम्पत्ति स्वामी- श्री सुरेश मिरघानी पिता श्री शोभाराम मिरघानी। बिल्डिंग निर्मित एवं उससे जुड़े ग्राउण्ड फ्लोर, भूमि की वैल्यू, निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर एरिया- 1496 वर्गफुट, सिर्फ इस पर विचार किया गया। | | | Rs. 8800000/-<br>Rs. 880000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |
| | | 7. आवासीय फ्लैट नं. 702, ब्लॉक-बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया- 1135 वर्गफुट स्थित खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 डालफिन प्रीमियम प्लाजा में सम्मिलित, दलदल सिवनी, पी.सी नं.. 109/39, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति लता मिरघानी पत्नि श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 2683000/-<br>Rs. 268300/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | |

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 15 दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।**

विक्रय के निबंध और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं ई- नीलामी पोर्टल- Baanknet.com देखें। अन्य संबंधित जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0761- 2480150, मोबा. नं. 9810553775 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः जबलपुर, दिनांकितः 09.06.2025

**प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

# इंग्लैंड दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम की ये हैं कुछ यादगार जीत

**2021 में कोहली की कप्तानी में भारत ने जीता था ओवल टेस्ट**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 20 जून से इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद उन्हें ये जिम्मेदारी मिली है। भारत ने पिछले कुछ सालों में इंग्लैंड दौरों पर कुछ यादगार जीत हासिल की हैं। इस बीच इंग्लैंड की धरती पर भारत की कुछ ऐसी जीत हैं जो यादगार बन गईं हैं।

### 2014 (लॉर्ड्स)

2014 में, भारत ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की थी। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व वाली में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 95 रनों से हराया था और 28 साल बाद लॉर्ड्स में कोई टेस्ट मुकाबला अपने नाम किया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने अपने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इशांत ने अंतिम पारी में (7/74) घातक गेंदबाजी करते हुए जीत दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी।



### 2021 (ओवल)

2021 में, भारत ने 50 साल बाद ओवल में अपनी दूसरी टेस्ट जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही विराट कोहली इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले भारतीय कप्तान बन गए (3) थे। उस मुकाबले में भारत ने अपनी पहली पारी में 191 रन और दूसरी पारी में 466 रन बनाए थे। इंग्लिश टीम ने 290 और 210 रन के स्कोर किए थे। भारत से रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में शतक (127) लगाया था।

### 2007 (ट्रेंट ब्रिज)

राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में ट्रेंट ब्रिज में ही इसी तरह की जीत दर्ज की थी। पहले खेलते हुए मेजबान इंग्लैंड पहली पारी में 198 रन पर ढेर हो गया था। जवाब में भारत ने सचिन तेंदुलकर (91) के अर्धशतक की बदौलत 481 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने जुझारू प्रदर्शन किया और 355 रन बनाए। भारत ने 73 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था।



### 2000 : गांगुली की कप्तानी में विदेशों में जीतना शुरू

भारत ने 2000 के दशक में सौरव गांगुली की कप्तानी में विदेशों में जीतना शुरू किया था। लीड्स में 2002 में हुए मैच में भारत ने द्रविड़ (148), तेंदुलकर (193) और गांगुली (128) के शतकों की बदौलत, 628/8 के स्कोर पर पारी घोषित की थी। उन्होंने इंग्लैंड को फॉलो-ऑन खेलने पर मजबूर किया और पारी व 46 रन के बड़े अंतर से मैच जीता था। उस मैच में इंग्लैंड की टीम ने 273 और 309 रन बनाए थे।

---

**क्वालीफायर मैच में ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराया**

# ब्राजील और गत चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो



विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दोगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा।

### जापान ने 8वीं बार बनाई जगह

जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया आस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन क्वालीफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालीफाई करेंगी और यह दौर अक्टूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

### आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब को हराया

**मेलबर्न।** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिए 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिए सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी।




## टी20: इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**साउथम्पटन।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

## डब्लूटीसी फाइनल : रबाडा ने किया कबाड़ा, ऑस्ट्रेलिया 212 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| लंदन



तेज गेंदबाजो कागिसो रबाडा ने पांच और मार्को यानसेन ने तीन विकेट लेकर कोहराम मचा दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया सिर्फ 212 रन पर ढेर हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को यहां शुरुआत खराब की। उसने 43 रन तक चार विकेट गंवा दिए। मिचेल स्टार्क (दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों ऐडन मारक्रम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (एक विकेट) और जोश हेजलवुड (एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। दिन का खेल खत्म होने पर डेविड बेडिंघम आठ जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है।

### पूरन बने एमआई न्यूयॉर्क एमएलसी टीम के कप्तान

न्यूयॉर्क। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन।' पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र गुरुवार से शुरू होगा।

### विश्व कप में इलावेनिल को मिला कांस्य

**म्यूनिख।** भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया।



### टी20 रैंकिंग में तिलक तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई।** भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं। तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं।

**FEDERAL BANK** YOUR PERFECT BANKING PARTNER **आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर/शंकर नगर, भिलाई एवं बिलासपुर शाखा** द्वारा 27.06.2025 या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| स्नेहा सिंह | 19455600002252 |
| रिंकू साहू | 19456400016732, 19456100029316, 19456100029324 |

**नीलामी/निजी बिक्री 27 जून 2025 को की जाएगी।**
**रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492007, फोन नं. 07712422900**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| राजेश कुमार | 25036400002197 |
| आकांक्षा प्रजापति | 25036400001397 |
| एकता गुरव | 25036400002536 |
| बलबीर कौर | 25036100000210 |
| गोविंदा बेलचंदन | 25036400002684 |
| सबीना बानो | 25036900000113 |
| रोहित बिसई | 25036400002791 |
| गितन कुमार निर्मलकर | 25036400002213 |

**नीलामी/निजी बिक्री 27 जून 2025 को की जाएगी।**
**भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| दलजीत सिंह | 16666900001223 |
| अश्वनी कुमार महेन्द्र | 16666400043832 |
| के. जयम्मा | 16665600002333 |
| आरिफ रशीद खान | 16666400046678 |
| कवलजीत कौर | 16665600001913 |
| निकेत सिंह | 16665600002408 |
| शांतनु शोमे | 16666400049979 |
| अमर लाल खरोनी | 16665600002275, 16666400050480 |
| विनोद कुमार बख्तानी | 16666400041331 |
| रविकांत तिवारी | 16665600002432, 16666100009406, 16666400045571 |
| प्रदीप कुमार अहिरवार | 16665600002507 |

**नीलामी/निजी बिक्री 27 जून 2025 को की जाएगी।**
**बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462**

**छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग**

## आयुष का तूफानी शतक, बिलासपुर ने सरगुजा को 28 रनों से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के द्वितीय संस्करण के छठे दिन बुधवार को पहला मैच बिलासपुर बुल्स और सरगुजा टायगर्स के मध्य खेला गया। सरगुजा टायगर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया।

बिलासपुर बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 191 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिलासपुर बुल्स की ओर से आयुष पांडे ने शानदार पारी खेलते हुए 66 गेंदों में 10 चौके तथा 3 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। उनके अतिरिक्त शशांक सिंह ने 40 रनों की शानदार तेज तर्रार पारी खेली। शुभम मार्या ने 31 रनों का योगदान दिया। सरगुजा टायगर्स की ओर से दिवाकर ताम्रकार, वासेदुव बरेथ तथा हर्ष यादव ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा टायगर्स 20 ओवरों 9 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी। सरगुजा टायगर्स की ओर से आशुतोष सिंह ने 62 रन तथा सानिध्य हुरकत ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं बिलासपुर बुल्स की ओर से मो. इरफान ने 4 विकेट तथा वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर बुल्स ने यह मैच 28 रनों से जीत लिया।

**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240**
**CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।
जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।
सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री मंडल भोला,** यूनिट-102, शारदा विहार, स.क्र., खसरा नं. 46/1-3, 47, 48/4, 48/7, 51, 54, प.ह.नं. 43, ग्राम-अमेरी, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्री मंडल भोला,** शीतला माता मंदिर, सरकंडा मुक्तिधाम चौक, बिलासपुर (एम.कॉर्प), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 495001 - भारत। **श्री मंडल भोला,** मेसर्स. माँ महामाया फ्लावर, माँ महानाया फ्लावर, जबड़ापारा, सरकंडा, बिलासपुर-छ.ग. - 495001. **श्रीमती देवी सरोवरी,** यूनिट-102, शारदा विहार, स.क्र., खसरा नं. 46/1-3, 47, 48/4, 48/7, 51, 54, प.ह.नं. 43, ग्राम-अमेरी, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्रीमती देवी सरोवरी,** ग्राम-अतिहारडीह, पोस्ट-अतिहार, ग्राम-अतिहारडीह, अतिहार-दरभंगा, दरभंगा बिहार, पिन-846007. | ₹19,25,376/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान, जिसका क्षेत्रफल- 615 वर्ग फीट (57.156 वर्ग मीटर) भूतल - 500 वर्ग फीट (46.468 वर्ग मीटर), यूनिट-102, मां शारदा विहार, मौजा- अमेरी, प.ह.नंबर 26/43, खसरा नंबर 47/27 (शीट नंबर 6, प्लॉट नंबर 58/3/1) आरआईसी-सकरी, विकास खंड तखतपुर, तह.सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग., **चौहद्दी:-**(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- कॉलोनी की सीमा, दक्षिण- प्लॉट नंबर 101, पूर्व- कॉलोनी की सीमा, पश्चिम- कॉलोनी रोड। |
| 2. | **श्री पांडे रविशंकर,** प्लॉट- सी 59, विवेकानन्द रेजीडेंसी, फेस-III, स.क्र. 224/5, 224/85, 224/87, प.ह.नं. 19/29, मौजा-चिल्हाटी, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्री पांडेरविशंकर,** गोकुल गंज, मोती सागरपारा सीतामणी, सीतामणी वार्ड नंबर 05, कोरबा, कोरबा, हेड ऑफिस- कोरबा, छ.ग. 495677. **श्री पांडे रविशंकर,** साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, एसएफसीएल, एसएफसीएल, कुसमुंडा एरिया, कोरबा-छ.ग. 495454. **श्रीमती पांडे मिथिलेश,** प्लॉट-सी 59, विवेकानन्द रेजीडेंसी फेज-III, स.क्र. 224/5, 224/85, 224/87, प.ह.नं. 19/29, मौजा-चिल्हाटी, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्रीमती पांडे मिथिलेश,** गोकुल गंज, मोती सागरपारा, सीतामणी, सीतामणी वार्ड नंबर 05, कोरबा, कोरबा हेड ऑफिस- कोरबा, छत्तीसगढ़, 495677. | ₹ 11,28,651/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | डायवर्टेड घरेलू भूमि, क्षेत्रफल-968 वर्ग फीट (89.962 वर्ग मीटर) प्लॉट सी-59, विवेकानंद रेजीडेंसी, फेज- 3 स्थित वाके मौजा- चिल्हाटी, प.ह.नं.- 29, पुराना प.ह.नं.-19, खसरा नंबर 224/5, आरआईसी-बिलासपुर, विकास खंड-बिल्हा, तहसील और जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़, **चौहद्दी:-**(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- प्लॉट सी- 60, दक्षिण- प्लॉट सी-58, पूर्व- प्लॉट सी-76, पश्चिम- रोड से घिरा हुआ है। |
| 3. | **श्रीमती सूद रीनम,** मकान नंबर बी 504, एटमॉस्फियर रेजिडेंटल हाउसिंग सोसाइटी, बसंत विहार चौक, बहतराई रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 495001 - भारत। **श्रीमती सूद रीनम,** केसरी एंटरप्राइज़, 002, द्वारा-महेंद्र लाल सलूजा, अग्रसेन चौक, बिलासपुर छ.ग. - 495001. **श्री सूद उचित,** मकान नंबर बी 504, एटमॉस्फियर रेजिडेंटल हाउसिंग, सोसाइटी बसंत विहार चौक, बहतराई रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर छत्तीसगढ़, पिन - 495001 - भारत। **श्री सूद उचित,** केसरी एंटरप्राइज़,002, द्वारा-महेंद्र लाल सलूजा, अग्रसेन चौक, बिलासपुर छ.ग. - 495001. | ₹46,36,800/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का रिहायशी फ्लैट जिसका क्षेत्रफल- बिल्टअप एरिया- 737.86 वर्ग फीट है, फ्लैट नंबर 504 ब्लॉक बी, एटमॉस्फियर, मौजा-लिंगियाडीह, प.ह.नं.-20, खसरा नंबर 15/139, शीट नंबर 9, विकास खंड बिल्हा, तहसील- बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी:-** (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर-बी- 503, दक्षिण- ब्लॉक ए, पूर्व - खुला आकाश, पश्चिम - मार्ग, सीढ़ी और नाली. |
| 4. | **श्री खान मोहम्मद जावेद,** एलआईजी 383, दूसरी मंजिल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई-490023. **श्री खान मोहम्मद जावेद,** मकान नं. 1945, दूसरी मंजिल, राइट टाउन, जबलपुर - सदर, मध्य प्रदेश, पिन - 481300 - भारत। **श्री खान मोहम्मद जावेद,** श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड, 1380, नेपियर टाउन साई के बगल में, सदन ग्लास हॉस्टल, होम साइंस, कॉलेज रोड सिटी, जबलपुर - 482001. **श्री खान मोहम्मद जावेद,** 101, अशरफी रोड, फरीद नगर, सुपेला, भिलाई - छत्तीसगढ़, पिन - 490023. **श्रीमती बेगम नज़मा,** एलआईजी 383, दूसरी मंजिल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई-490023. **श्रीमती बेगम नज़मा,** 101, अशरफ़ी रोड, फरीद नगर, सुपेला, भिलाई - छत्तीसगढ़, पिन - 490023. | ₹ 4,33,440/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट क्षेत्रफल- 45.26 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, जुनवानी, दीन दयाल आवास योजना, छ.ग. गृह निर्माण मंडल में स्थित फ्लैट नंबर- एलआईजी-383, द्वितीय तल, प.ह.नं.-, वार्ड 01, भिलाई नगर तहसील और जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ **चौहद्दी:-** उत्तर से विंग फ्लैट, दक्षिण से विंग फ्लैट, पूर्व से विंग फ्लैट, पश्चिम से विंग फ्लैट से घिरा हुआ है। |
| 5. | **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक,** फ्लैट-ए-1/9-ए-108, फ्लोर-1, लोटस टावर ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 326/1, 17, 19, 23,20, प.ह.नं. 105, ग्राम- मठपुरेना, रायपुर, छ.ग.-492001. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक,** द्वारा-एम. अलागेसन, नंबर 32, चिनराज नगर, करायनचावडी, अय्यप्पनथंगल, एसपी महिला छात्रावास के पास, पूनामल्ली, पूनामल्ली -चेन्नई, तमिलनाडु, पिन - 600056. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** पिता स्व. श्री गंगा प्रसाद पाठक, हिंदी हाई स्कूल के पास, शास्त्री नगर, सरशातली हीरापुर, बर्दवान, पश्चिम बंगाल- 713055. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक,** महानिदेशालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चेन्नई, 77 बटालियन सीआरपीएफ उप जेल परिसर, करायनचावडी, पूनामल्ले - चेन्नई - 600056. **श्रीमती मिश्रा विभा,** फ्लैट नंबर -1/9, पहली मंजिल, लोटस टॉवर, ढेबर सिटी, भाठागांव, रायपुर - रायपुर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। | ₹16,35,423/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति युक्त मकान, पुराना फ्लैट, क्षेत्रफल - बिल्टअप एरिया-820 वर्ग फीट, भूतल-800 वर्ग फीट, प्रथम तल, फ्लैट-ए-1/9-ए-108, प्रथम तल, लोटस टावर कॉम्प्लेक्स, ढेबर सिटी ब्लॉक, प.ह.नं. 105/47, खसरा नं. 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, वार्ड नं. 61, _हंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, ग्राम- मठपुरैना, रायपुर छ.ग., **चौहद्दी:-**(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- फ्लैट नं. ए-1/10, दक्षिण-खुला स्थान, पूर्व- लॉबी, सीढ़ियां और रास्ता, पश्चिम- खुला स्थान |
| 6. | **श्री झा कोमल कुमार,** राव हाउस-एलआईजी-1670, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हीरापुर, रायपुर छ.ग. 492001. **श्री झा कोमल कुमार,** एलआईजी-1602, वीर सावरकर नगर, सामुदायिक भवन के पीछे, हीरापुर, टाटीबंध बिंद्रानवागढ़, रायपुर फाफाडीह - रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492009. **श्री झा कोमल कुमार** मै. वी-एक्सप्रेस, वी-ट्रांस (इंडिया) लिमिटेड का डिवीजन, शॉप नंबर बी-2, ऑर्बिट गोल्डन मार्केट, रायपुर 492001. **श्रीमती झा कंचनदेवी,** राव हाउस-एलआईजी-1670, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हीरापुर, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्रीमती झा कंचनदेवी,** म.सं. 1602, जरवाय दक्षिण क्षेत्र, गांव - जरवे, तह. और जिला - रायपुर, रायपुर, फाफाडीह - रायपुर, छत्तीसगढ़, 492009. | ₹10,06,537/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति युक्त मकान जिसका क्षेत्रफल 64.50 वर्ग मीटर (694 वर्ग फीट) है, भूतल बिल्टअप एरिया- 550 वर्ग फीट, राव हाउस-एलआईजी-1670, मौजा-हीरापुर, खसरा नंबर 475/1, 481 का भाग, प.ह.नंबर 103/35 स्लाइस-III, (वीर सावरकर नगर वार्ड- 01, हीरापुर हाउसिंग बोर्ड योजना) छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, आरआईसी-रायपुर-1, तहसील और जिला- रायपुर, छ.ग. **चौहद्दी:-** (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर-एलआईजी 1671, दक्षिण- एलआईजी 1669, पूर्व-रोड, पश्चिम- एलआईजी H. |
| 7. | **श्री खोसला नमन,** बंगला-बी-135, स्वर्णभूमि, स.क्र.. खसरा नं. 61 से 69, 71 से 84, 86 से 95, 201 तक का भाग; खसरा नं. 157/4 का भाग, 233 से 237, 293 से 317, 320, ग्राम-कचना, ग्राम-अमासिवनी, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री खोसला नमन,** एफ-3 स्टील सिटी, अवंती विहार, गायत्री नगर के पास, तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री खोसला नमन,** साई फीड ट्रेडर्स, गौरव पथ, तेलीबांधा, रायपुर - 492001. **श्री खोसला वीरेंद्र,** बंगला-बी-135, स्वर्णभूमि, स.क्र.. खसरा नं. 61 से 69, 71 से 84, 86 से 95, 201 तक का भाग; खसरा नं. 157/4 का भाग, 233 से 237, 293 से 317, 320, ग्राम-कचना, ग्राम-अमासिवनी, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री खोसला वीरेंद्र,** एफ-3 स्टील सिटी, अवंती विहार, गायत्री नगर के पास, तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री खोसला वीरेंद्र,** साई फीड ट्रेडर्स, गौरव पथ, तेलीबांधा, रायपुर - 492001& **श्रीमती खोसला करिश्मा,** बंगला-बी-135, स्वर्णभूमि, स.क्र.. खसरा नं. 61 से 69, 71 से 84, 86 से 95, 201 तक का भाग; खसरा नं. 157/4 का भाग, 233 से 237, 293 से 317, 320, ग्राम-कचना, ग्राम-अमासिवनी, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्रीमती खोसला करिश्मा,** एफ-3 स्टील सिटी, अवंती विहार, गायत्री नगर के पास, तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्रीमती खोसला नीलू,** बंगला-बी-135, स्वर्णभूमि, स.क्र.. खसरा नं. 61 से 69, 71 से 84, 86 से 95, 201 तक का भाग; खसरा नं. 157/4 का भाग, 233 से 237, 293 से 317, 320, ग्राम-कचना, ग्राम-अमासिवनी, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्रीमती खोसला नीलू,** एफ-3 स्टील सिटी, अवंती विहार, गायत्री नगर के पास, तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर, छ.ग. 492001. | ₹1,18,19,887/- as on 30-अप्रैल-25 | 26 मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट, प्लाट नं.-बी-135, क्षेत्रफल-2131 वर्ग फीट, खसरा नं. 296- 300/1 भाग, स्थित आमासिवनी, "स्वर्णभूमि", प.ह.नं. 110/42, वार्ड 26, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, **चौहद्दी:-**उत्तर-भूमि नं. B-134, दक्षिण-भूमि नं. B-136, पूर्व- D-110, पश्चिम-रास्ता. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बिलासपुर
दिनांक : 12.06.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड




# तेजी से फैल रहा है कोविड-19 का नया वैरिएंट, जानें वायरस कैसे कर रहा है शरीर पर हमला

एजेंसी ▶▶| यरुशलम


इजराइली वैज्ञानिकों के शोध से यह पता चला है कि कोविड-19 वायरस का एक प्रोटीन हमारी स्वस्थ कोशिकाओं को ही निशाना बना रहा है, जिससे शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली उन पर हमला करने लगती है। यह खोज सेल रिपोर्ट्स पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार है जो कोविड-19 से जुड़ी गंभीर समस्याओं को समझने में मददगार साबित हो सकती है।

## क्या है नई खोज?

रुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरस का न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन जिसका काम संक्रमित कोशिकाओं में वायरस की आनुवंशिक सामग्री को पैक है, पास की स्वस्थ इपिथिलियल सेल्स तक फैल सकता है। जैसे ही यह प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं की सतह पर पहुंचता है तो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से इसे खतरा मान लेती है। इसके जवाब में प्रतिरक्षा प्रणाली एंटी-एनपी एंटीबॉडीज भेजती है जो स्वस्थ कोशिकाओं को खत्म करने के लिए चिंहित कर देती है।

## कैसे हुआ खुलासा?

शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में विकसित कोशिकाओं, इमेजिंग तकनीक और कोविड-19 के मरीजों के नमूनों का इस्तेमाल करके यह पाया कि एनपी प्रोटीन कोशिका की सतह पर मौजूद एक खास अणु से जुड़ जाता है। इसी जुड़ाव के कारण से यह प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं पर जमा होने लगता है जिससे शरीर का डिफेंस सिस्टम भ्रमित हो जाता है।



## समस्या के साथ समाधान

इस खोज में अच्छी खबर यह है कि इस अध्ययन में इसका एक समाधान भी मिला है। एनोक्सापारिन नाम की दवा जिसका इसका इस्तेमाल खून को पतला करने के लिए किया जाता है, एनपी को स्वस्थ कोशिकाओं से चिपकने से रोक सकती है। लैब में हुए परीक्षण और मरीजों के नमूनों में एनोक्सापारिन ने उन जगहों को ब्लॉक कर हमलों को रोकने में मदद की जहां एनपी चिपकता है।

## कोविड का एक नया वैरिएंट

इसी बीच आपको बता दें कि कोविड का एक नया वैरिएंट एनबी 1.8.1 दुनिया भर के कई हिस्सों में तेजी से फैल रहा है, जिसने चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह वैरिएंट ओमिक्रॉन फैमिली का ही हिस्सा है जिसे पहली बार जनवरी 2025 में पाया गया था। भारत के अलावा यह अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मालदीव में भी फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'निगरानी में रखा गया वैरिएंट' घोषित किया है। इसका मतलब है कि यह तेजी से फैल रहा है और इस पर ध्यान रखना जरूरी है, लेकिन अभी इसे बड़ा खतरा नहीं माना गया है।

बिग बैंग थ्योरी को चुनौती


# ब्लैक होल के अंदर पैदा हुआ था ब्रह्मांड, वैज्ञानिकों का नया मॉडल



वॉशिंगटन। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के लिए और विकास के लिए बिग बैंग का सिद्धांत ही सबसे स्पष्ट है। लेकिन फिजिकल रिव्यू डी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में इस दृष्टिकोण को चुनौती दी है। शोधकर्ताओं ने एक मॉडल का प्रस्ताव रखा है। शोधकर्ताओं के रखे प्रस्ताव में एक वैकल्पिक मॉडल है जिसमें हमारा ब्रह्मांड गुरुत्वाकर्षण पतन से उभरा और फिर एक उछाल आया, यह सब एक बड़े 'मूल' ब्रह्मांड में एक ब्लैक होल के अंदर हुआ। मानक ब्रह्माण्ड संबंधी मॉडल के अनुसार यह माना जाता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत लगभग 13.8 बिलियन साल पहले विलक्षणता से हुई थी, जो अनंत घनत्व का एक बिंदु है और तभी से इसका विस्तार और ठंडा होना जारी है।

## किसने किया शोध?

यह शोध पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय में ब्रह्मांड विज्ञान और गुरुत्वाकर्षण संस्थान के प्रोफेसर एनरिक गजटानागा और उनके सहयोगियों द्वारा प्रकाशित किया गया था। यह क्वांटम अपवर्जन सिद्धांत को लागू करता है, जो समान कणों या फर्मियन को समान क्वांटम अवस्था में रहने से रोकता है। यह सिद्धांत विलक्षणता बनने से पहले पतन को रोकता है जिस वजह से पदार्थ बाहर की ओर उछलता है।



## पतन से निर्माण तक

यह पूरी प्रक्रिया ब्लैक होल के अंदर होती है जो पदार्थ के ढहते हुए द्रव्यमान से बनता है। यह व्यक्तित्व में समाप्त होने की जगह पतन के परिणामस्वरूप एक उछाल होता है जो एक नए और विस्तारित ब्रह्मांड के निर्माण की ओर ले जाता है। यह ब्लैक होल बाउंस मॉडल पूरी तरह से भौतिक के नियमों पर निर्भर करता है। मॉडल की एक महत्वपूर्ण भविष्यवाणी यह है कि अंतरिक्ष में थोड़ी सकारात्मक वक्रता है, जो वर्तमान मानक ब्रह्मांडीय मॉडल से अलग है जो फ्लैट ब्रह्मांड को स्वीकार करता है।

## भविष्य की योजना

भविष्य के मिशन जैसे अराकिस जो धुंधली आकाशगंगा के संरचनाओं का निरीक्षण करेंगे, मॉडल को सत्यापित करने के लिए इस सिद्धांत पर और प्रकाश डाल सकते हैं। यह नया मॉडल प्रस्ताव रखता है कि हमारा ब्रह्मांड एक बड़े ब्रह्मांडीय चक्र का हिस्सा हो सकता है, इसकी मदद से ब्रह्मांड की वास्तविक उत्पत्ति के बारे में समझने में और भी मदद मिल सकती है।

# बॉडी बनाने के चक्कर में हाथ में सुई से घुसेड़ा तेल, हुई ऐसी दुर्गति

**मास्को।** आजकल के युवाओं में बॉडी बनाने का जुनून कुछ ज्यादा ही है। वे दिन-रात जिम में बिताते हैं और अपने शरीर को सुडौल बनाते हैं। कुछ युवा जल्दबाजी के चक्कर में बॉडी बनाने के लिए प्रोटीन पाउडर का बेतहाशा सेवन करते हैं, तो कुछ लोग शॉर्टकट में ही मशल्स बनाने में जुट जाते हैं। ऐसा ही कुछ रूस के रहने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर 28 साल के किरिल तेरेशिन ने किया। किरिल ने अपने बाइसेप्स बढ़ाने के लिए जो किया, वो चौंकाने वाला है। किरिल ने अपने हाथ में सुई से तेल घुसेड़ लिया, लेकिन अब उनकी ऐसी दुर्गति हो गई कि हाथ काटने की नौबत आ गई है। फिलहाल वो हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जहां उनके हाथ से बाइसेप्स को काटकर हटाया जाएगा। किरिल को रूसी मीडिया में रुकी बाजूका या बाजूका आर्म्स के नाम से जाना जाता है।



## एमएमए फाइट भी लड़ चुके हैं किरिल

साल 2017 में जब किरिल ने इस कारनामे को अंजाम दिया था, तब उनकी मां इरीना ने कहा था कि वह अपने बेटे के इस परिवर्तन के सख्त खिलाफ हैं। उन्होंने किरिल को ऑनलाइन गिनी पिग कहकर पुकारा था। इसके बाद साल 2018 में रूसी डॉक्टर एवगेनी लिलिन ने चेतावनी दी थी कि तेरेशिन को भविष्य में अपनी बांह कटवानी पड़ सकती है।

## मूर्खता के कारण हुईं स्वास्थ्य की समस्याएं

किरिल के पोस्ट पर लोग जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। ज्यादातर लोग उनके इस हरकत के खिलाफ हैं। पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, मुझे उनके लिए जरा भी सहानुभूति नहीं है वैसे, क्या किसी को आश्चर्य हुआ? वहीं, एक प्रशंसक ने सकारात्मक संदेश देते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि आपकी सर्जरी सफल होगी और आप जल्द ठीक होंगे। बता दें कि रूसी सेना में सैनिक रह चुके किरिल तेरेशिन ने स्वीकार किया कि उनके स्वास्थ्य की समस्याएं उनकी अपनी मूर्खता के कारण हुईं। उन्होंने 20 साल की उम्र में अपनी बाइसेप्स को बढ़ाने के लिए तेल वाले इंजेक्शन लेने शुरू किए थे, जिसके परिणामस्वरूप उनके बाइसेप्स 23 इंच तक बढ़ गए थे। हालांकि, डॉक्टरों ने चेतावनी दी थी कि यह तेल (जैतून का तेल, लिडोकेन, और बेंजाइल अल्कोहल का मिश्रण) उनके शरीर में जहर की तरह काम कर सकता था और उनकी जान को खतरा पैदा कर सकता था।

# 28 की उम्र में भी बचपन-सी मौज, कभी मां की गोदी तो कभी पिता के कंधे की सवारी

**अमेठी।** सबसे बड़ा जानवर व्हेल मछली है और सबसे छोटा जानवर मिक्सोबोलस शेकेल को माना जाता है। मिक्सोबोलस शेकेल एक जेलीफ़िश का एक प्रकार है। यह 8.5 माइक्रोन से भी छोटा होता है, जो इसे पृथ्वी पर सबसे छोटा जानवर बनाता है।खैर ये तो पूरी दुनिया में सबसे छोटे और सबसे बड़े की बात है।लेकिन क्या आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में सबसे छोटा इंसान कौन है और कहां रहता है। यूपी के अमेठी में रहने वाला रमजान अली प्रदेश का सबसे छोटा आदमी माना जाता है। रमजान की उम्र 28 साल हो चुकी है, लेकिन उसकी लंबाई 28 इंच यानी ढाई फीट भी नहीं है। 28 साल के रमजान की लंबाई मात्र 25 इंच है यानी 2 फीट से बस एक इंच ज्यादा।जो भी रमजान को पहली बार देखता है उसे लगता है यह कोई तीन-चार साल का बच्चा है। और जब उसे हकीकत पता लगती है तो वह रमजान को देखता ही रह जाता है। अपने छोटे कद की वजह से रमजान की जवानी भी बचपन की तरह गुजर रही है।28 साल होकर भी रमजान कभी अपनी मां की गोद में चढ़े दिखते हैं तो कभी अपने पिता के कंधे पर बैठे दिखते हैं।

# सीक्रेट वैम्पायर सोसाइटी, जिससे जुड़े लोग पीते हैं इंसानों का खून

एजेंसी ▶▶| सिडनी

आप वेम्पायर यानी पिशाचों के बारे में कितना जानते हैं? हम पश्चिमी देशो में प्रचलित उन पिशाचों की बात कर रहे हैं, जिनके बारे में माना जाता रहा है कि वे खून चूसते हैं और जिंदा इंसानों का खून पीने के लिए उनका शिकार करते हैं। जिस तरह से खाना खाने से इंसान को ताकत मिलती है और वह जिंदा रह पाता है। उसी तरह बताया जाता है कि ये पिशाच भी इंसानी खून पीकर जिंदा और ताकतवर रह पाते हैं। हाल ही में इनकी चर्चा एक खबर से उठी है। जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एक युवती ने चौंकाने वाला दावे किए हैं। उसका कहना है कि दुनिया में वैम्पायर्स का एक गुप्त समाज सक्रिय है।



## युवती का सम्प्रदाय से पहला संपर्क

यह दावा एक युवती ने किया है, जिसने अपनी पहचान ना बताते हुए अपना नाम क्रिस्टल बताया है। एक खबर के मुताबिक उसका कहना है कि उसे धीरे धीरे इस समाज में शामिल किया गया और उसकी मर्जी के खिलाफ शामिल किया गया।

## धीरे-धीरे बढ़ा संपर्क

पहले तो क्रिस्टल कोसे सिडनी के वाउक्लूस में एक पार्टी में बुलाया गया, जहां वह शैम्पेन पीने से बेहोश हो गई। जब वह जागी, उसे चक्कर आ रहे थे। उसके गले और बाहों पर निशान थे। उसे लगता है, उसे नशीला पदार्थ दिया गया। उसे बताया गया कि वह वायरस से संक्रमित है। बाद में, वह न्यूकैसल में एक मठ में गई। वहां उसने स्थानीय वैम्पायर कोर्ट से मुलाकात की।

## फैशन, लाइफस्टाइल या कुछ और

क्रिस्टल का दावा है कि इस गुप्त वैम्पायर संप्रदाय में डॉक्टर, राजनेता, और संगीतकार, कई व्यवसाय के लोग शामिल हैं। यह समाज गोथ संस्कृति से शुरू हुआ। इसे वैम्पायर कोर्ट कहते हैं। यह समाज अब बड़ा हो गया है। कुछ लोग इसे केवल फैशन मानते हैं। लेकिन, कई के लिए यह लाइफस्टाइल है।

क्या हो गया बड़ा **अपशकुन!**

# माउंट एवरेस्ट के पास अचानक निकले किंग कोबरा समेत दुनिया के 10 जहरीले सांप

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

काठमांडू और उसके आस-पास के इलाकों में घट रही कुछ असामान्य प्राकतिक घटनाओं ने वैज्ञानिकों और इनवायरमेंटल एक्टिविस्ट की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, माउंट एवरेस्ट की वादियों के नजदीक महीने भर के अंदर नौ किंग कोबरा और एक मोनोक्लेड कोबरा समेत दुनिया के 10 सबसे विषैले सांप पाए गए हैं। बहुत से लोगों का मानना है कि ये कोई सामान्य घटना नहीं है। ये सभी जहरीले सांप धान के खेतों, दलदलों और मैंग्रोव जंगलों जैसे उष्णकटिबंधीय और आर्द्र क्षेत्रों में रहने वाले हिमालयी क्षेत्र के पास पाए गए हैं।



## सांप दिखने से डर का माहौल

रिहायशी इलाकों में सांपों के दिखने से डर का माहौल है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भांजयांग, गुपलेश्वर, सोखोल और फूलचौक जैसे रिहायशी इलाकों में सांप पाए गए। बचाव अभियान ने आंगनों और घरों से सांपों को उठाया और उन्हें सुरक्षित रूप से जंगलों में छोड़ दिया। जंगल में गहरे सांपों के घोंसले और अंडे जैसी दुर्लभ खोजों से संकेत मिलता है कि सरीसृप इस क्षेत्र में बस सकते हैं और प्रजनन कर सकते हैं।

## कौन-कौन से सांप दिखे?

नेपाल की राजधानी काठमांडू में किंग कोबरा की विषैली प्रजाति देखी गई। ये किंग कोबरा (ओफियोफैगस हन्नाह) दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है जो 18 फ़ीट तक लंबा होता है। अत्यधिक विषैले न्यूरोटॉक्सिक विष उत्पादक के रूप में, वे आम तौर पर घने ऊंचे जंगलों में रहते हैं, खासकर भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और फिलीपींस में इन्हे देखा जा सकता है। नेपाल के ठंडे ऊंचे इलाकों में उन्हें देखना बेहद दुर्लभ है।

## ये सामान्य घटनाएं नहीं...

एक्सपर्ट का मानना है कि माउंट एवरेस्ट से महज 100 से 150 किलोमीटर दूर, आश्चर्यजनक रूप से इन सांपों की मौजूदगी ग्लोबल वार्मिंग के व्यापक प्रभावों का एक चेतावनी संकेत है। कहा जा रहा है कि धरती का खासकर हिमालयन बेल्ट के आसपास का पर्यावरण चक्र यानी इकोलॉजिकल सिस्टम गड़बड़ा गया है। तमाम व्यवधानों से लेकर लोगों की सामुदायिक सुरक्षा चिंताओं तक इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती है कि विषैले सांप पहले इस तरह इतनी तादाद में नहीं दिखते थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com